*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
05 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 255
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बोले: समान नागरिक संहिता लागू करने का यही सही समय






## पीएम मोदी 7-8 जुलाई को करेंगे चार राज्यों का दौरा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात और आठ जुलाई को उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान का दौरा करेंगे और इस दौरान वह लगभग 50,000 करोड़ रुपये की करीब 50 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उत्तर प्रदेश को छोड़कर इन सभी राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को सबसे पहले दिल्ली से रायपुर जायेंगे, जहां वह रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर के छह लेन के खंडों सहित कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा ने चुनाव से पहले सांगठनिक बदलाव किया

# बाबूलाल झारखंड के नये प्रदेश अध्यक्ष बने

- कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, बधाइयों का लगा तांता
- पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अध्यक्ष भी बदले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी झारखंड भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं। वह वर्तमान अध्यक्ष दीपक प्रकाश की जगह लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस संबंध में पत्र निर्गत कर दिया है। बाबूलाल फिलहाल भाजपा विधायक दल के नेता हैं। अब उन्हें एक नयी जिम्मेदारी मिल गयी है। चुनाव से पहले भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने झारखंड के साथ-साथ तीन और राज्यों पजांब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

**तत्काल प्रभाव से बने प्रदेश अध्यक्ष :** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र में कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बाबूलाल सांगठनिक और प्रशासनिक दोनों स्तर पर मंझे हुए नेता हैं। बाबूलाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी है। उन्हें प्रदेश के नेता और कार्यकर्ता लगातार बधाई दे रहे हैं। नये प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा के बाद मंगलवार को बाबूलाल मरांडी शाम को भाजपा प्रदेश कार्यालय भी पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। हालांकि बाबूलाल मरांडी एक-दो दिन में विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे। अभी बुधवार को वह पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए गुवहाटी जा रहे हैं।

**जाखड़, पुरंदेश्वरी और रेड्डी को जिम्मेदारी :** भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने झारखंड के साथ-साथ तीन और राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस से आये सुनील जाखड़ को पंजाब, आंध्र प्रदेश में डी पुरंदेश्वरी और तेलंगाना जी किशन रेड्डी को पार्टी की कमान सौंपी गयी है।



### माटी की पार्टी को जन-जन तक पहुंचायेंगे : बाबूलाल

रांची। झारखंड बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार की देर शाम रांची स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने मीडिया को भी संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित, केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गयी है, उसे पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि हम बेहतर झारखंड के निर्माण के लिए काम करेंगे। साथ ही पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व पर उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में कई जनमुद्दों पर पार्टी ने राज्य में संघर्ष किया है और आगे भी जनता के मुद्दों की ही बात करेंगे और जन-जन तक पहुंचायेंगे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछली बार लोकसभा के चुनाव में जो कसर रह गया है, उसे इस बार हम पूरा करेंगे और इसके लिए हमने काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार हम मजबूती के साथ मैदान में उतरेंगे और जनता की सरकार को बनाने का प्रयास करेंगे।

# हजारीबाग : कुएं में गिरी कार एक बच्ची समेत छह की मौत



- दरभंगा से लौट रहा थे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के पदमा ओपी क्षेत्र स्थित रोमी गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। फोरलेन सड़क किनारे सूर्यपूरा पैक्स के पास स्थित एक कुएं में टाटा सुमो के गिरने से उसमें सवार महिला और बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गयी।

वहीं, सूर्यपुरा पंचायत के मुखिया सहित चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग गुरु पूर्णिमा के मौके पर बिहार के दरभंगा से सत्संग में भाग लेकर अपने गांव वापस जा रहे थे। इसी बीच रोमी गांव के पास यह हादसा हो गया।

**मंडईखुर्द गांव के रहने वाले हैं सभी मृतक :** कुएं में कार के गिरने से ड्राइवर सूरज सिंह दीपुगढ़ा के अलावा ओम प्रकाश साव, परमेश्वर कुशवाहा, उनकी पत्नी चम्पा देवी व सात साल की बेटी, परिधि कुमारी और गुंजन राणा की मौत हो गयी। सभी हजारीबाग के मंडईखुर्द गांव के रहने वाले थे। वहीं, घायलों में सूर्यपूरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, मुकेश मेहता और उसकी मां सहित एक अन्य शामिल हैं।

**नियंत्रण खोने की वजह से हुआ हादसा :** प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे सूर्यपूरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता प्रखंड कार्यालय से अपनी बुलेट से घर जा रहे थे। इसी बीच रोमी स्थित सूर्यपूरा पैक्स के पास पीछे से आ रहे टाटा सूमो कार ने उसे टक्कर मारा। इस टक्कर से अनियंत्रित कार सड़क किनारे एक कुएं में लोहे की जाली को तोड़ते हुए जा गिरा। जिससे पूरी कार कुएं के पानी में समा गयी।

**जेसीबी की मदद से कार को निकाला गया :** इस हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक घंटे बाद जेसीबी की मदद से कुएं में गिरी कार को बाहर निकाला गया। घटना पर सदर विधायक मनीष जायसवाल, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि गणेश कुमार, विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी समेत कई अन्य लोगों ने इस घटना पर दुख जताया है।

# प्रेमी-प्रेमिका को खंभे में बांधकर बेरहमी से पीटा

## प्रेमिका की मौत के बाद 3 लाख में हुआ सौदा, सात गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र की बरैनी पंचायत के मसूरियातरी गांव में ग्रामीणों ने एक प्रेमी जोड़े की जमकर पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने दोनों को इतना पीटा की प्रेमिका की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मारपीट में प्रेमी गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज चल रहा है। वहीं इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 30 जून की रात मसूरियातरी गांव के प्रेमी घोपिन गंझू अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया और इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी। इसके बाद पेड़ में बांधकर दोनों की जमकर पिटाई ग्रामीणें द्वारा कर दी गयी। पिटाई के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया, जबकि प्रेमी घोपिन गंझू गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि प्रेमिका विवाहित थी। उसकी एक बेटी है और उसका पति बाहर रहता है। वहीं प्रेमिका की मौत के बाद ग्रामीणों ने तुरंत पंचायत बुलायी। इसमें मृतका की बेटी के खाता में तीन लाख रुपये देने व अंतिम संस्कार के खर्च का जिम्मा उठाया। पुलिस को मामले की भनक मिलने के पूर्व प्रेमिका (महिला) का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इधर बताया जा रहा है कि प्रेमिका लातेहार जिले के बरियातू प्रखंड की रहने वाली थी। उसकी शादी मसूरियातरी गांव में हुई थी। इस मामले में ग्रामीणों ने मारपीट की बात स्वीकार की है, लेकिन मारपीट में महिला की मौत नहीं होने की बात कही है। ग्रामीणों ने बताया कि मारपीट के बाद महिला ने घर जाकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। ग्रामीणों के अनुसार उसके पति के बाहर जाने के बाद घोपिन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसे लेकर कई बार उसे चेतावनी भी दी गयी थी, लेकिन वो अपनी आदतों से बाज नहीं आ रही थी। प्रेमी जोड़े की मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर एसपी राकेश रंजन ने मामले को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही इस मामले पर कार्रवाई करने के लिए सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली को निर्देश दिया है। सदर पुलिस ने गांव से कई लोगों को पकड़कर थाना लायी है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

# आतंकवाद सबसे बड़ा खतरा : नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ये क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है। आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। वह मंगलवार को शंघाई कोऑपरेशन समिट (एससीओ) की वर्चुअल समिट में बोल रहे थे। इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन शामिल हुए हैं। नरेंद्र मोदी ने ईरान के एससीओ में शामिल होने की घोषणा भी की। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रइसी और देश की जनता को इसके लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का सिद्धांत पूरा विश्व एक परिवार है। हम एससीओ को भी अपना परिवार मानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ देश क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म को



नीतियों में जगह देते हैं। आतंकवादियों को पनाह देते हैं। उन्होंने आतंकवाद को अपनी पॉलिसी का हिस्सा बना लिया है। आतंकवाद क्षेत्र की शांति के लिए खतरा है। ऐसे मामलों में दोहरे मापदंड नहीं रखने चाहते। हमें आतंकवाद से मिलकर लड़ना होगा। अफगानिस्तान पर भारत की चिंताएं एसओसी के दूसरे सदस्यों की तरह ही हैं। अफगान नागरिकों को मानवीय समानता, महिलाओं-बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुरक्षित करना हमारी साझा प्राथमिकता है। एससीओ समिट को संबोधित करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा।

### रेलवे सुरक्षा आयोग की उच्चस्तरीय जांच रिपोर्ट से बड़ा खुलासा

# सिग्नल फेल होने के कारण हुआ बाहानगा ट्रेन हादसा

- स्टेशन सिग्नलिंग, दूरसंचार विभागों में थीं खामियां
- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम बदलने में 14 सेकेंड की जगह 37 सेकेंड लग गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/ बालेश्वर।** बाहानगा ट्रेन हादसे की उच्चस्तरीय जांच से पता चला है कि हादसे के पीछे सिग्नल फेलियर मुख्य कारण था। रेलवे सुरक्षा आयोग (सीआरएस) द्वारा रेलवे बोर्ड को सौंपी गयी एक जांच रिपोर्ट से पता चला है कि स्टेशन सिग्नलिंग और दूरसंचार विभागों में खामियां थीं। हालांकि, यदि स्टेशन



मास्टर ने उस दिन सिग्नल में गड़बड़ी के बारे में चेतावनी दी होती, तो दुर्घटना को टाला जा सकता था। आम तौर पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम बदलने पर 14 सेकेंड में सिग्नल बदल जाना चाहिए, लेकिन हादसे वाले दिन सिग्नल में असामान्य बदलाव हो गया। इसे बदलने में 14 सेकेंड की जगह 37 सेकंड लग गये। स्टेशन मास्टर ने इसे नजरअंदाज कर दिया। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक अन्य कारक इएलबी परिवर्तन के दौरान सिग्नलिंग सर्किट में परिवर्तन भी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 16 मई, 2022 को दोषपूर्ण तारों और केबलों के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर डिवीजन के बंकरनबाज स्टेशन पर भी इसी तरह की घटना हुई थी। इसमें कहा गया है कि यदि घटना के बाद गलत वेरिंग के समस्या को सुलझाने के लिए सुधारात्मक कदम उठाये गये होते, तो बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन पर दुर्घटना नहीं होती। गौरतलब है कि 2 जून को हुए इस हादसे में 292 लोगों की मौत हो गयी और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हो गये थे। इस मामले की सीबीआइ अलग से जांच कर रही है।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |



# बाबूलाल मरांडी को कमान देकर कई निशाने साध लिये भाजपा ने

## 2019 के चुनाव में भाजपा से छिटके आदिवासी नेताओं को फिर से जोड़ने का प्रयास किया है पार्टी आलाकमान ने

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और पांचवीं विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का यह फैसला सही मायने में कई निशानों को एक साथ साधने जैसा है। 2019 के चुनाव के बाद झारखंड के आदिवासी जिस तरह भाजपा से दूर छिटकने लगे थे, उससे पार्टी को 2024 की चिंता सताने लगी थी, लेकिन अब बाबूलाल मरांडी के बल पर भाजपा अपना पुराना जनाधार हासिल करने की दिशा में तेजी से बढ़ेगी। वैसे भी बाबूलाल मरांडी के बारे में कहा जाता है कि वह कर्म पर भरोसा करते हैं और संघर्ष से कभी नहीं घबड़ाते हैं। उनकी गिनती झारखंड के उन गिने-चुने नेताओं में होती है, जिनके दिलो-दिमाग में हमेशा झारखंड और यहां के लोग रहते हैं। अपने राजनीतिक कैरियर में तमाम उतार-चढ़ाव झेलने के बावजूद उनका संघर्ष का माद्दा आज भी बरकरार है। विचारों में स्पष्टता और लक्ष्य के प्रति उनका समर्पण तमाम लोगों के लिए प्रेरणादायी है। वह अपनी साफगोई के लिए तो जाने जाते ही हैं, उनका कोई दुश्मन नहीं है, यह सबसे खास बात है। भाजपा के कद्दावर आदिवासी नेता के रूप में पहले से ही स्थापित बाबूलाल मरांडी की बात आज भी गौर से सुनी जाती है, राज्य के पहले मुख्यमंत्री के रूप में उनके कामों की आज भी मिसाल दी जाती है। भाजपा ने ऐसे चेहरे को कमान सौंप कर साबित कर दिया है कि वह बहुत दूर का सोचती है। हालांकि झारखंड भाजपा के भीतर के हालात को देखते हुए कहा जा सकता है कि बाबूलाल मरांडी के सिर पर कांटों भरा ताज रखा गया है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि वह इस चुनौती से पार पा लेंगे। बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा की कमान सौंपे जाने के राजनीतिक असर का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस एक घोषणा का झारखंड में कितना इंतजार हो रहा था, इसका पता इसी बात से चलता है कि घोषणा के कुछ ही घंटे बाद इस पर सकारात्मक प्रतिक्रियाओं की बाढ़ सी आ गयी। झारखंड भाजपा ने पिछले कुछ दिनों से संगठनात्मक बदलाव की चर्चा चल रही थी और बाबूलाल मरांडी का नाम पहले और अंतिम स्थान पर था। असल में 2019 के बाद से ही भाजपा इस बात को लेकर चिंतित थी कि वह झारखंड में अपनी खोयी जमीन को कैसे हासिल कर सकेगी। राज्य में आदिवासी जिस तेजी से भाजपा से छिटक कर दूर जा रहे थे, पार्टी 2024 को लेकर बेहद सशंकित थी। बाबूलाल मरांडी को कमान सौंपने के बाद जो सबसे बड़ा और पहला अंतर आया है, वह यह कि अब भाजपा कम से कम खुद को प्रतिद्वंद्वियों से आगे नहीं, तो कम से कम उनके बराबर तो मान ही सकती है।

### अलग किस्म की राजनीति की

बाबूलाल मरांडी ने हमेशा अलग किस्म की राजनीति की है। चाहे कोडरमा के अभ्रक मजदूरों का मामला हो या संथाल के विस्थापितों का, गिरिडीह में उग्रवाद का मुद्दा हो या धनबाद में अपराध का, बाबूलाल मरांडी आंदोलन के लिए पहली कतार में रहे। उग्रवाद के खिलाफ उन्होंने 'टॉर्चलाइट अभियान' चलाया, जिसने नक्सलियों को बुरी तरह नाराज कर दिया। अभियान के तहत बाबूलाल मरांडी ने उग्रवाद प्रभावित गांवों में टॉर्चलाइट बांटना शुरू किया था। इसका नतीजा यह हुआ कि उन्हें अपना जवान बेटा खोना पड़ा।

### हमेशा राजनीति के केंद्र में रहे

बाबूलाल मरांडी के व्यक्तित्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि वह हर परिस्थिति में राजनीति के केंद्र में रहे। इसका मुख्य कारण यह है कि चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने जनता से अपना संपर्क जीवित रखा है। लगातार जनता के संपर्क में रहने और पूरे राज्य की यात्रा करने के कारण उन्होंने अपने राजनीतिक वजूद को मजबूत ही किया। बाबूलाल के बारे में कहा जाता है कि वह कभी हल्की बात नहीं करते और बहुत आगे की सोच कर अपनी रणनीति तैयार करते हैं। उनके बारे में यह बात भी मशहूर है कि वह किसी फैसले पर पहुंचने से पहले खूब विचार-विमर्श करते हैं, लोगों के सुझाव सुनते हैं और तब फैसले पर पहुंचते हैं। एक बार फैसला लेने के बाद पीछे नहीं हटते। राजनीति के मैदान में ऐसा कम देखने को मिलता है। बाबूलाल मरांडी सोच-समझ कर अपनी रणनीति बनाते हैं और फिर उस पर अमल करते हैं।

**संगठन और प्रशासन, दोनों का व्यापक अनुभव है मरांडी के पास**



वह जो भी मुद्दा उठाते हैं, उसे अंजाम तक पहुंचाने के बाद ही दम लेते हैं। इसके कारण लोगों का भरोसा इनके प्रति है। वह यात्राओं और दौरों की मदद से लोगों से सीधा संवाद बनाते हैं। उनके पास झारखंड के विकास का एक विजन है, जिस पर वह काम करते हैं। साफ-सुथरी और स्पष्ट राजनीतिक विचारधारा इनकी खासियत है।

एक साधारण सरकारी स्कूल के शिक्षक से सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री का सफर तय करनेवाले बाबूलाल मरांडी के विचारों में यही बारीकी और स्पष्टता उन्हें प्रदेश के दूसरे नेताओं से अलग करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के निष्ठावान स्वयंसेवक और प्रचारक के रूप में कैरियर शुरू करनेवाले बाबूलाल मरांडी का जीवन कई झंझावातों से गुजरा है।

### शिबू सोरेन से हारे पहला चुनाव

1991 में मरांडी ने भाजपा के टिकट पर दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। 1996 में वह फिर शिबू सोरेन से हार गये। इसके बाद भाजपा ने 1998 में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। पार्टी ने उनके नेतृत्व में झारखंड क्षेत्र की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर कब्जा कर लिया। उस चुनाव में उन्होंने शिबू सोरेन को दुमका से हराकर चुनाव जीता था। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उन्हें वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री बनाया गया। 15 नवंबर, 2000 को अलग झारखंड राज्य बनने के बाद एनडीए के नेतृत्व में बाबूलाल मरांडी ने राज्य की पहली सरकार बनायी और करीब 18 महीने तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में कोडरमा सीट से चुनाव जीता, जबकि पार्टी के अन्य उम्मीदवारों को हार का मुंह देखना पड़ा। मरांडी ने कोडरमा सीट सहित 2006 में भाजपा की सदस्यता से भी इस्तीफा देकर अपनी नयी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा बना ली, जिसमें भाजपा के पांच विधायक पार्टी छोड़ शामिल हो गये। इसके बाद कोडरमा उपचुनाव में वह निर्विरोध चुन लिये गये। कोडरमा सीट से 2009 का लोकसभा चुनाव जीत कर वह एक बार फिर संसद में पहुंच गये।

### लगातार हार भी नहीं तोड़ सकी हौसला

अपनी अलग पार्टी बनाने के बाद बाबूलाल मरांडी को लगातार चुनावी हार का सामना करना पड़ा। 2014 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के आठ विधायक चुने गये, लेकिन बाद में उनमें से छह ने इस्तीफा दे दिया। लोकसभा चुनाव में झाविमो को कोई सफलता नहीं मिल सकी। खुद बाबूलाल मरांडी भी चुनाव हार गये। लेकिन बार-बार के चुनावी पराजय से भी उनका हौसला कम नहीं हुआ। वह हमेशा संघर्ष के रास्ते पर आगे बढ़ते रहे।

### भाजपा में वापसी

करीब 14 साल तक अलग पार्टी के माध्यम से राजनीति करनेवाले बाबूलाल मरांडी 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद 17 फरवरी, 2020 को भाजपा में वापस आ गये। पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया और खुद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद उन्हें विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता बनाया गया।

बाबूलाल मरांडी एक बार फिर राज्य की राजनीति के केंद्र में हैं। भाजपा के सबसे बड़े आदिवासी चेहरे के रूप में उनकी चुनौती कम नहीं है। पार्टी के भीतर की गुटबाजी को खत्म कर 2024 में भाजपा को पुरानी ऊंचाइयों पर लाना इतना आसान नहीं होगा। लेकिन अपनी संगठनात्मक क्षमता और प्रशासनिक अनुभव के बल पर बाबूलाल मरांडी इतना तो कर ही लेंगे, यह उम्मीद आज भाजपा खेमे में ही नहीं, पूरे झारखंड में हिलोरें मार रही है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वावधान में **माननीय मुख्यमंत्री** के कर कमलों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

सम्मानित अतिथि
श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा क्षेत्र, रांची
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा क्षेत्र

कार्यक्रम
206 एम्बुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण
सहित

- रिजनल ब्लड ट्रान्समिशन सेंटर, नागरमल मोदी सेवा सदन का उद्घाटन।
- ब्लड स्टोरेज केन्द्रों का उद्घाटन।
- 5 MMU के संचालन एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में Smile Foundation के साथ MOU.
- ममता वाहन ऐप, आयुष्मान ऐप तथा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना ऐप का लोकार्पण।
- उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता चिकित्सकों एवं अस्पताल का सम्मान।

दिनांक : 05 जुलाई 2023 | स्थान : आई.पी.एच. प्रेक्षागृह, नामकुम, रांची | समय : अपराह्न 01 बजे से



NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

P.R. 301326 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24


श्री बाबूलाल
मरांडी जी
को भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड के
प्रदेश अध्यक्ष
बनाये जाने पर
हार्दिक बधाई!
रमेश सिंह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा झारखंड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel




# मुख्यमंत्री कल झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के साथ करेंगे बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक छह जुलाई को प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। बैठक में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री, जल संसाधन मंत्री, कृषि मंत्री, मुख्य सचिव और विकास आयुक्त सहित कई विभागों के सचिव व सभी प्रमंडल के आयुक्त शामिल होंगे। यह बैठक लंबे समय से नहीं हुई थी। पिछली बार भी बैठक की तिथि रखी गयी थी, लेकिन उसे स्थगित करना पड़ा था। बैठक के लिए कई एजेंडा तैयार किये गये हैं। इसके तहत पिछली बैठक में लिये गये निर्णय और उसके अनुपालन की समीक्षा की जायेगी। मनरेगा की योजनाओं की समीक्षा और उपलब्धियों पर चर्चा होगी। सोशल ऑडिट यूनिट की स्वतंत्र इकाई के रूप में गठन और सोशल ऑडिट में मिली वित्तीय अनियमितता एवं कार्रवाई की स्थिति की भी समीक्षा मुख्यमंत्री करेंगे। सोशल ऑडिट के वार्षिक अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुमोदन व आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुति पर बातें होंगी। अंकेक्षण में वित्तीय अनियमितता व कार्रवाई की स्थिति देखी जायेगी। लोकपाल की नियुक्ति और उनके कार्यकलापों पर भी चर्चा होगी। मनरेगा के तहत एरिया ऑफिसर एप के निरीक्षण की स्थिति भी देखी जायेगी।

## बाबूलाल का कार्यकर्ताओं ने ढोल-बाजा, अबीर-गुलाल लगाकर पारंपरिक स्वागत किया

# कार्यकर्ताओं के बल पर पार्टी की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार देर शाम प्रदेश कार्यालय पहुंचे। डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा एवं प्रकाश कुमार ने उनका भव्य स्वागत माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर किया। रांची महानगर जिला अध्यक्ष केके गुप्ता ने प्रदेश भाजपा के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी पहले से भी पार्टी विधायक दल के नेता हैं और उन्हें संगठन तथा सरकार दोनों का अनुभव है। बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। स्वागत से भाव विभोर श्री मरांडी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर पार्टी की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। स्वागत करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, अमित सिंह, अविनेश सिंह, पवन साहू, अनवर हयात, राहुल अवस्थी, मृत्युंजय शर्मा, तारिक इमरान, रंजित चंद्रवंशी, सांसद बीडी राम, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, सीमा शर्मा, राजीव रंजन मिश्र, प्रवीण सिंह, शोभा यादव, लक्ष्मी कुमारी, अरुण झा, प्रमोद मिश्रा, ललित ओझा, नीरज सिंह, वरुण साहू, सूर्य प्रभात, देवेंद्र कुमार, अनिल कुमार, कमलेश राम, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं महानगर भाजपा की ओर से उन्हें बधाई देने वालों में महानगर महामंत्री वरुण साहू, बलराम सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, इंद्रजीत यादव, नीरज सिंह, राकेश सिंह गुड्डू, राहुल चौधरी, अनिता वर्मा, रामलगन राम, रोमित नारायण सिंह, अर्जुन मुंडा, जौनी वाकर खान, गोपाल सोनी, ओमप्रकाश पांडेय सहित अन्य शामिल थे।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पुष्पगुच्छ देकर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह।



बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा समेत अन्य ने किया।

### भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित साहू ने बाबूलाल मरांडी से मिल कर दी बधाई

**सिमरिया।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भाजपा पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर सिमरिया प्रखंड के सबानों गांव निवासी और भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित साहू ने उनसे मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अमित साहू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। उनके लंबे अनुभव का लाभ हम सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा।

# नौ जिलों में 10 अगस्त से चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य से फाइलेरिया के शीघ्र उन्मूलन के लिए नौ जिलों में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जायेगा। झारखंड के कई जिलों में एमडीए कार्यक्रम चलाया जायेगा इसमें हजारीबाग, चतरा, पलामू, गोड्डा, दुमका, लातेहार, सरायकेला, जामताड़ा और पश्चिम सिंहभूम शामिल हैं। राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. विरेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि झारखंड सरकार, लिंफेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन के लिए पूरी तरह कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का वितरण करना भर नहीं है। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने लाभुकों को दवा का सेवन सुनिश्चित कराना भी है। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से अभियान सफल होता है। एमडीए प्रशिक्षण में झारखंड के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि अगस्त 2023 में शुरू किये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उम्र के अनुसार डीइसी और अलबेंडाजोल टेबलेट्स की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर मुफ़्त खिलायी जायेगी। जिन जिलों में आइडीए है, वहां डीइसी और अलबेंडाजोल के साथ आइवरमेक्टिन की भी दवा खिलायी जायेगी।

# क्रिकेटर राबिन मिंज ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) क्रिकेट की टीम के मुंबई इंडियंस के लिए चयनित विकेट कीपर सह बल्लेबाज रॉबिन मिंज ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मुंबई इंडियंस के द्वारा उन्हें यूनाइटेड किंगडम (यूके) में होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण (अभ्यास) शिविर के लिए बुलावा आया है। मुख्यमंत्री ने मूल रूप से गुमला के रायडीह प्रखंड के एक छोटे से गांव सिलम पांदनटोली से आने वाले प्रतिभावान क्रिकेटर रॉबिन मिंज को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही उम्मीद जतायी कि वे बेहतर खेल से क्रिकेट की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल करेंगे और झारखंड सहित देश का नाम रोशन करेंगे। बता दें कि वर्तमान में राजधानी रांची के नामकुम, नया टोली में रह रहे रॉबिन मिंज झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर हैं, जिनका चयन आइपीएल क्रिकेट के लिए हुआ है। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप, रॉबिन मिंज के पिता फ्रांसिस जेवियर मिंज, माता एलिस मिंज, क्रिकेट कोच चंचल भट्टाचार्य, एसपी गौतम और आसिफ हक मौजूद थे।

# मंत्री ने देवघर कांवरिया पथ में शराब पर प्रतिबंध लगाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने मंगलवार को पदभार ग्रहण की। पदभार ग्रहण करने के प्रथम कार्य दिवस में मंत्री बेबी देवी एक्शन में दिखीं। मंत्री ने अगले आदेश तक के लिए देवघर कांवरिया पथ में शराब और मदिरा पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि देवघर के विश्वस्तरीय श्रावणी मेले में तथा वैद्यनाथ मंदिर तक के कांवरिया पथ पर, किसी भी प्रकार के मदिरा-शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

# नगर विकास सचिव ने ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने मंगलवार को कांके के सुकूरहुटू में रिंग रोड के समीप आइटीबीपी मुख्यालय के सामने बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर के फेज वन के कार्यों का निरीक्षण किया। सचिव ने जुडको के अधिकारियों और संवेदक को कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। नगर विकास विभाग के सचिव ने बताया कि अगले एक-डेढ़ साल में इसका निर्माण पूरा हो जायेगा। इसके बनने से भारी वाहनों को शहर में आने की जरूरत नहीं होगी, वे सुकुरहुटटू में अपने सामान को अनलोड कर सकेंगे, जहां से छोटे वाहनों के जरिये वे सामान अपने गंतव्य को भेजे जायेंगे। इससे शहरों में जो भारी वाहनों की वजह से ट्रैफिक समस्या आती है उसमें

### कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये

कमी होगी। सचिव ने निरीक्षण में पाया कि कार्यालय भवन काफी बड़ा बनाया जा रहा है, जिसकी जरूरत नहीं है। इसे छोटा करने को कहा गया। इसी तरह वाहनों के खड़े होने के लिए पर्याप्त स्थल तैयार करने को कहा गया। ड्राइवरों व सह चालकों के आराम करने के लिए पर्याप्त स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। सुकुरहुट्टू में 112 करोड़ की लागत से फेज वन में ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें 450 भारी वाहनों ट्रक-टेलर इत्यादि का ठहराव हो सकेगा। ड्राइवरों के रहने की जगह के साथ आधुनिक शौचालय इत्यादि का निर्माण होना है। दूसरे फेज में 52 करोड़ की योजना तैयार की गयी है।

# एमपी की घटना ने शर्मशार कर दिया है : राजेंद्र प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक के ऊपर प्रवेश शुक्ला नामक व्यक्ति के द्वारा पेशाब किये जाने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कड़े शब्दों में निंदा की है। प्रसाद ने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को शर्मशार कर दिया है। प्रसाद ने दोषी के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है। प्रसाद ने कहा कि इस घटना ने पूरे मानवता को शर्मसार कर दिया है।

## राजभवन के समक्ष छात्रों ने किया प्रदर्शन

**रांची (आजाद सिपाही)।** छात्रों ने मंगलवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन भी किया। इसके लिए छात्र चतरा से राजभवन पंहुचे हैं। उनका कहना है कि पुनः इ-कल्याण पोर्टल को चालू किया जाये वरना वो आंदोलन को और तेज करेंगे। छात्रों का कहना है कि इसको लेकर वो कई अधिकारियों और मंत्रियों के पास भी गये। लेकिन ,सबने आश्वासन के नाम पर इसको टाल दिया। छात्रों का कहना है कि वो कर्ज में बुरी तरह डूब गये हैं। अब उनके पास पढ़ाई करने के लिए बिलकुल भी पैसे नहीं हैं।

# जीशान के नेतृत्व में लोअर बाजार के युवाओं ने थामा युवा कांग्रेस का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रांची विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में लोअर बाजार प्रखंड के युवाओं ने युवा नेता जिशान के अगुवाई में प्रभारी रोहित सिन्हा के समक्ष युवा कांग्रेस का दामन थामा।

मौके पर मुख्य रूप से रांची विधानसभा के अध्यक्ष गौरव सिंह मौजूद थे जिन्होंने सभी को पार्टी चिह्न एवं माला पहनाकर संगठन में उनका स्वागत किया। गौरव ने कहा कि 2024 में होने वाले चुनाव को देखते हुए हर प्रखंड के युवा कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं यह एक अच्छा संकेत है। प्रभारी रोहित ने कहा कि सभी लोग युवा हैं और राजनीतिक दृष्टि से कांग्रेस पार्टी में आपका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की पदयात्रा से देशवासियों के साथ ही युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। भारत जोड़ो यात्रा का देशव्यापी असर हो रहा है। देश में एक अलग तरह का माहौल बन रहा है। शामिल होने वाले में लोअर बाजार प्रखंड से जीशान, आतिक, फैसल, हुजैफा, आनस, सोनू, आरफीन, आमिर, आदिल, शब्दर, राजू, अरमान, सलमान, नवाब सहित अन्य शामिल थे।

## निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को भेजा गया जेल

**रांची।** इडी ने निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद्र से आठ दिनों के पूछताछ के बाद मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। रिमांड की अवधि पूरी होने पर इन तीनों की पेशी हुई। बता दें कि पिछले महीने 26 जून को इडी ने वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद को गिरफ्तार करने के बाद इडी कोर्ट में पेश किया था।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# श्री श्याम मंदिर में 57वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** मंगलवार को श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 57 वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को पाठ का आयोजन किया जाता है। श्री श्याम मंदिर में स्थापित श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा का तुलसी दल, रजनीगंधा, बेली आदि फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने श्री हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेडा, गुड़, चना, केला फल का प्रसाद अर्पित कर श्री हनुमान जी महाराज से झारखंड राज्य की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने श्री रामचरितमानस महाग्रंथ का पूजन वंदन कर पाठ वाचकों को चंदन टीका करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रवण ढांढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। वहीं मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सभी शिष्यों के साथ ढोल, नगाड़ा, डफली, झांज आरगेन के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना करके पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर सहित हरमू रोड बजरंगबली की जय जय कारों से गूंज रहा था। पाठ प्रारंभ करने के पहले और बाद में श्री हनुमान चालीसा का भी पाठ किया गया। संगीतमय पाठ के मध्य में भजनों का भी गायन किया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। महाआरती करके सभी भक्तों के बीच श्री हनुमान जी महाराज का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, संजय शराफ, रतन शर्मा, श्याम सुंदर जोशी उपस्थित थे।

### आज दिव्य श्रृंगार

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बुधवार को विशेष दिव्य श्रृंगार किया जायेगा। सुबह 8:30 बजे श्रृंगार आरती होगी मनीष कुमार जैन, हर्षा जैन द्वारा नवीन वस्त्र श्रृंगार व पंचमेवा प्रसाद की सेवा निवेदित की जायेगी।

### शनिवार को 70वां श्री श्याम भंडारा

शनिवार 8 जुलाई को शाम 5:00 बजे से 70 वां श्री श्याम भंडारा होगा। राजकुमार बागला भंडारा सेवानिवृत्ति करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों को आमंत्रित किया है।

# प्रति कुलपति से मिला एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ अरुण कुमार सिन्हा से एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल मिला और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष मो हुसैन अंसारी उपस्थित थे। रांची एनएसयूआइ के कार्यकारी अध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि सत्र 2023 यूजी, पीजी की नामांकन प्रक्रिया विशुद्ध रूप से चांसलर पोर्टल जो पूर्व में नामांकन प्रक्रिया अपनायी गयी थी उसी के तहत लिया जाये। जानकारी के आभाव के कारण लगभग 60 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी सीयूइटी का फॉर्म नहीं भर पाये। खासकर वैसे विद्यार्थी जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। ऐसी स्थिति में सैकड़ों विद्यार्थी अपनी आगे की पढ़ाई से वांछित रह जायेंगे। असफल छात्र और वैसे विद्यार्थी जो फॉर्म अप्लाई नहीं कर पाये थे उनके लिए चांसलर पोर्टल खोला जाये। छात्रहित को मध्य नजर रखते हुए चांसलर पोर्टल खोला जाये। प्रति कुलपति महोदय ने आश्वस्त किया कि आपलोगों की मांगे जायज हैं, हमलोग का रिजल्ट आने के बाद पोर्टल खोल देंगे। मौके पर जिला महासचिव पवन कुमार, जिला सचिव आशिक अंसारी, मारवाड़ी कॉलेज अध्यक्ष तालिब हुसैन, डोरंडा कॉलेज अध्यक्ष साहिल सिद्दीकी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


श्री बाबूलाल मरांडी जी
को
भाजपा झारखंड के
प्रदेश अध्यक्ष
बनाये जाने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता
रांची, झारखंड

## पतरातू पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का खुलासा, एसपी ने दी जानकारी

# गिरोह के चार आपराधी गिरफ्तार, 6 बाइक बरामद

**रामगढ़ से सटे जिलों में फैला है बाइक चोर गिरोह का नेटवर्क: पीयूष पांडेय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पतरातू पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ चोरी के 6 मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरोह का नेटवर्क रामगढ़ सटे अन्य जिलों में भी फैला है। यह जानकारी रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने दिया है। मंगलवार को छत्तरमांडू स्थित एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ने पत्रकारों को बताया कि गिरोह में शामिल अन्य सदस्य भी बहुत जल्द पुलिस के गिरफ्त होगा। पुलिस लगातार गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर छापामारी कर रही है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू पुलिस ने पतरातू-खेलारी रोड पर मोटरसाइकिल से आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख दोनों भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने पिछाकर दोनों को पकड़ लिया। जिसके बाद नाम पूछने एक ने अपना नाम सोहेब मल्लिक पिता करीम मल्लिक बुड़मू और दूसरा ने शिवशंकर कुमार पिता भिखु प्रजापति टेरपा पतरातू बताया। दोनों से मोटरसाइकिल की कागजात की मांग की गयी तो कोई भी वैध कागजात नहीं दिखाया। पूछताछ में बताया कि उक्त मोटरसाइकिल को कुछ दिन पहले मांडर थाना क्षेत्र से चोरी किये थे।

### पुलिस ने की कड़ाई से पूछताछ, तो उगला राज

एसपी ने बताया ने कि गिरफ्तार दोनों युवकों से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि गिरोह में हम दोनों के अलावा शिवम कुमार साव टेरपा, आनंद कुमार साव शामिल है। जिसके साथ मिलकर रांची और उसके आसपास के क्षेत्रों में मोटरसाकिल चोरी करते थे। फिलहाल चोरी के तीन बाइक शिवशंकर प्रजापति के घर, शिवम साव के घर एक बाइक और आनंद साव के घर एक बाइक रखे है। वहा जाने के बाद बाइक बरामद हो जायेगा। जिसके बाद पुलिस ने उक्त स्थानों में छापामारी कर पांच बाइक बरामद किया। पुलिस ने मामले में कुल 6 बाइक बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। जिसके बाद गिरफ्तार युवकों को पतरातू थाना कांड संख्या 121/2023 धारा 414/34 के तहत जेल भेज दिया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

बाइक चोर गिरोह में शामिल सोहेब मल्लिक, शिवशंकर प्रजापति, आनंद कुमार साव, शिवम कुमार साव की गिरफ्तारी हुई है। जबकि बिना नंबर का बाइक पैशन प्रो, हीरो होंडा संख्या जेएच 01 यू 0682, हीरो पैशन प्रो संख्या जेएच 01 डब्लू 7439, हीरो पैशन प्रो संख्या जेएच 01 यू 8160, जेएच 01 एन 825, हीरो पैशन प्रो संख्या जेएच 02 एस 0403 की बरामदगी हुई है।

### कौन-कौन थे छापामारी में शामिल

छापामारी में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, पुअनि अभय कृष्ण गिरी, पुअनि निर्मल उरांव सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## 40 दिवसीय श्रीरामचरितमानस का सामूहिक पाठ

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी में मंगलवार से श्रावण मास एवं पुरुषोत्तम मास में 40 दिवसीय श्रीरामचरितमानस का सामूहिक पाठ कलश स्थापना के साथ पंडित ज्ञानदेव मिश्रा एवं सीताराम द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ आरंभ किया गया, जो प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 6:30 बजे तक भक्तों के द्वारा सामूहिक रूप से 40 दिनों तक पढ़ा जायेगा। श्रावण मास के पहले दिन भोले बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया भक्तों के द्वारा शिव चालीसा का पाठ पढ़ा गया एवं भजनों की गंगा बहायी गयी। मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा के अनुसार महाकाल के दीवाने ग्रुप के द्वारा 22 जुलाई को भव्य जागरण का आयोजन श्री राधा कृष्ण मंदिर में किया जा रहा है जिसमें उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र प्रताप सिंह एवं दुर्गा जागरण मंडली के द्वारा भजनों की गंगा बहायी जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रधान मनोहर लाल जसूजा चंद्रभान तलेजा रामचंद्र तलेजा केसर पपनेजा मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा सुनील घई हानि तेनाजा विशाल अरोरा, कौशल्या देवी, हिना तनेजा बंसी गेरा पूनम तलेजा लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा शकुंतला देवी मुंजाल ज्योति अरोड़ा नीलम अरोड़ा राधा देवी तलेजा बबीता पपनेजा, शशि किंगर, रेखा घई, रूबी अरोड़ा, निशा तलेजा, करुणा मुंजाल, श्वेता चावला, सुनीता काल्वान कामना खत्री संगीता मिढ़ा रश्मि काठपाल, संगीता मादनपोत्रा, दीपाली अरोड़ा, रिया घई भावना किंगर का योगदान रहा।

## रॉक गार्डन में भाजपा की टिफिन बैठक



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा कांके विधानसभा रांची महानगर के तत्वावधान में गोंदा, बरियातू एवं कोकर मंडल की संयुक्त टिफिन बैठक रॉक गार्डन में रखी गयी। इसमे मुख रूप से राँची संसदीय क्षेत्र के सांसद श्रीमान संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल, राची महानगर के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम लगन राम, वार्ड 1 के पार्षद नकुल तिर्की, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य माया सिंह सिसोदिया, गोंदा मंडल के अध्यक्ष विकास रवि, बरियातू मंडल के अध्यक्ष दीपक शाह, कोकर मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सहित विनय राज, नीरज नायक, तुषार विजय, जितेंद्र सिंह, अनिल अग्रवाल, राजेश कुमार बबन, पवन सिंह, अखिलेश सिंह ने एक साथ सांगठनिक चर्चा में पीएम नरेंद्र मोदी के स्वर्णिम नौ साल के विस्तृत चर्चा की गयी।

## झारखंड प्रशासनिक सेवा के 16 पदाधिकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर हुए पदस्थापित

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 16 पदाधिकारियों की सेवा उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को सौंपी है। इस संबंध में कार्मिक पशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। सीओ डोमचांच मां देव प्रिया, सीओ बोडाम निवेदिता नियति, सीओ बगोदर हीरा कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी सिमडेगा मोहम्मद शहजाद परवेज, कार्यपालक दंडाधिकारी रामगढ़ विशाल कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी गिरिडीह धीरेंद्र कुमार, अंचल अधिकारी अरगोड़ा अरविंद कुमार ओझा, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रांची राजेश कुमार, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी राची किरण सोरंग, कार्यपालक पदाधिकारी गुमला नगर परिषद संजय कुमार, अंचल अधिकारी पीरटांड विनय प्रकाश तिग्गा, कार्यपालक दंडाधिकारी जगन्नाथपुर पश्चिम सिंहभूम सुषमा लकड़ा, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी हजारीबाग कामिनी कौशल लकड़ा, बीडीओ बलियापुर अमित कुमार, बीडीओ डाली संतोष गुप्ता, बीडीओ बसिया रविद्र कुमार गुप्ता।

## हाइकोर्ट ने राहुल गांधी को व्यक्तिगत हाजिर होने से छूट दी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में मंगलवार को मोदी सरनेम को लेकर मानहानि से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एमएलए-एमपी कोर्ट की ओर से उनकी याचिका खारिज किए जाने को चुनौती दी गयी है। कोर्ट ने राहुल गांधी को हाजिर होने से छूट दे दी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, मोदी सरनेम वालों पर की गयी टिप्पणी के मामले में प्रदीप मोदी की ओर से रांची सिविल कोर्ट में एक शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसी मानहानि से जुड़े मामले में रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 205 के तहत एक याचिका दायर करके व्यक्तिगत हाजिर होने से छूट मांगी थी।

## पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। कांके रोड स्थित डीएवी नीरजा सहाय स्कूल में मंगलवार को पर्यावरण और ऊर्जा के संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद युथ क्वेक फाउंडेशन , रिलेशनस एवं सामाजिक संस्था टीम ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मौके पर विवेकानंद युथ क्वेक फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि वन महोत्सव के तहत पर्यावरण और उर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक ज़िम्मेदारी है। डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के विद्यार्थियों ने टीम ग्रीन की ओर से दिए गए 41 पौधे को स्कूल परिसर में लगाकर उनकी देख भाल करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के प्राचार्य किरण यादव, गौरव अग्रवाल, निपुण जैन, प्रीति कुमारी, शुभम चौधरी, जीएन सहाय, निर्मला सहाय, शिक्षिका अनामिका हर्ष वर्धन, तनुश्री चक्रवर्ती , सुनील मालाकार, अजीत कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## वैश्य मोर्चा का महाधरना स्थगित

रांची (आजाद सिपाही)। प्रशासनिक इजाजत नहीं मिलने के कारण 6 जुलाई को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। लेकिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 6 जुलाई को ही वैश्य मोर्चा के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन सह सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा जायेगा। जबकि 7 जुलाई को कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को ज्ञापन सह मांग-पत्र सौंपा जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद साहु, इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, जिला अध्यक्ष शैलेन मंडल (धनबाद), नयी दिल्ली प्रतिनिधि शिवशंकर साह एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू शामिल रहेंगे।

# भारतीय शिल्प व्यापार मेला का शुभारंभ आज

**भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के लगभग 70 कुशल शिल्पकार अपनी लगभग 80 हजार कलाकृतियों का करेंगे प्रदर्शन एवं विक्रय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उरांव महिला विकास समिति रांची के द्वारा पहली बार भारतीय शिल्प व्यापार मेला का शुभारंभ रांची में होने जा रहा है। यह मेला रांची के डीआइजी मैदान पल्स अस्पताल के सामने खिजुरिया टोली बरियातु रोड में 5 जुलाइ को रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ एवं कांके विधायक समरी लाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। यह आयोजन 23 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में बीजेपी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा मौजूद रहेंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव तिवारी ने बताया कि इस आयोजन में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के लगभग 70 कुशल शिल्पकार अपनी लगभग 80 हजार कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे।

इस मेले में नाना प्रकार के उपभोक्ता एवं हस्त शिल्प उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्रय किया जायेगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य फूलमनी टोप्पो ने कहा कि बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था भी की गयी है।

आयोजन समिति की उपाध्यक्ष पूनम बेन ने कहा कि इस बार रांची शहरवासियों के लिए मुख्य रूप से खान-पान के लिए मुम्बई का मसाला पोपकॉन, पनीर टिक्की चाट, पॉव भाजी, हवा मिठाई, फ्रूट चाट, शिकंजी इत्यादि की भी व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि आयोजन स्थल पर पधारे हुये समस्त आगुंतकों के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन संध्या में 6 बजे से लेकर 8 बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। इसमें मुख्य रूप से चित्रकला, गायन, नृत्यकला, मेंहदी, मटका सजाओं, बोरा रेस, सूई-धागा, पूचका खाओ, बैलून फूलाओं, फैंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन संध्या में 8 बजे लक्की ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन भी भारतीय शिल्प व्यापार मेला के प्रांगण में किया जायेगा। इसमें विजयी प्रतिभागी को ऊँ नमः शिवायः परिवार और भारतीय शिल्प व्यापार मेला की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि यह आयोजन दिनांक 23 जुलाई 2023 दिन रविवार तक चलेगा।

## आज जेसीआइ उड़ान का ग्लिट्ज एंड ग्लैम फैशन एंड लाइफ स्टाइल एग्जिबिशन



**रांची (आजाद सिपाही)।** जेसीआइ उड़ान रांची के द्वारा 5 एवं 6 जुलाई को ग्लिट्ज एंड ग्लैम फैशन एंड लाइफ स्टाइल एग्जिविशन रांची क्लब में बुधवार से होने जा रही है। इसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इस एग्जिविशन में दिल्ली, मुम्बई, लखनउ, सूरत, रानीगंज, जमशेदपुर, जयपुर और कोलकाता के व्यापारी भी स्टॉल लगायेगें। जेसीआई ग्लिट्ज एंड ग्लैम कार्यक्रम का आयोजन पिछले 10 वर्षों से करती आ रही है। साथ ही ऐसे आयोजनों से होने वाले आय का उपयोग समाज सेवा में खर्च करती है। 5 एवं 6 जूलाई को होने वाले ग्लिट्ज एंड ग्लैम मेला के प्रोजेक्ट चेयरमैन शिखा खिरवाल, राखी खिरवाल, अदिति मेवाड़ा, खुश्बू जैन, ट्विंकल छावनिका एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आभा भंडारी बनायी गयी हैं। इस एग्जिविशन के प्रायोजक पार्टनर तुलस्यान ज्वेलर्स, प्रेमसंस मोटर, विवरेज पार्टनर अल्पाइन, टैंगो, हॉस्पिटैलिटी पार्टनर ऊना, एसोसिएट पार्टनर - धुनकी, ब्यूटी पार्टनर स्टूडियो रासा के सहयोग से आयोजित की जा रही है। जेसीआई की मीडिया प्रभारी रूपा मोदी ने रांची वासियों से मीडिया के माध्यम से अपील की है कि वे आयें और मेला में खरीदारी करें। फैशन एंड लाईफ स्टाईल एग्जिविशन में मुख्य भूमिका निभाने वाली जेसीआई की अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, सचिव प्रीति वागला, पूर्व अध्यक्ष राखी जैन, वृंदा अग्रवाल, अर्चना मुरारका, पल्लबी साबू, दीप्ती बजाज, आभा भंडारी, राखी गंगवाल जैन, विनिता चितलांगिया, निधि सर्राफ, पूजा केशरी, नीतीशा जालान, स्वेता अग्रवाल, प्रीति मेहता, प्रियंका मारू, निधि बियानी, ईशा खन्ना, निमिशा धानुका सहित अन्य का सहयोग रहा।

## तीन दिवसीय सावन महोत्सव आज से



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय सावन मेला हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि 24वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव 5 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। प्रदर्शनी में 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाए जा रहे हैं। अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने कहा कि मेले का उद्घाटन श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के उपनिदेशक हिंदी की सुमन पाठक करेगी। मुख्य अतिथि साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति एसपी अग्रवाल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीरा बथवाल उपस्थित रहेगी। मेले के दूसरे दिन सावन सिंघाड़ा का भव्य आयोजन किया जायेगा। सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा कि स्टालों में महिलाएं अपनी देखरेख में बनाए गए हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन करेगी। मेला प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। संचालन अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मंत्री मनोज चौधरी ने की। मेला को सफल बनाने में संयोजिका रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी, सह संयोजिका अनुसुइया नेवटिया, रीना सुरेखा, अनु पोद्दार, मंजू केडिया, नैना मोर, उर्मिला पाड़िया, बीना बुबना, बीना मोदी, बबीता नारसरिया, रीता केडिया, जया बिजावत, सीमा टांटिया, रेनू छापरिया, मधु सर्राफ, सुधा अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, गीता डालमिया, लक्ष्मी पाटोदिया, विद्या अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सरिता मोदी, सुशीला पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, प्रीति बंका, छाया अग्रवाल, सुनैना कार्य कर रही है।

## सम्मान समारोह सह सम्मान यात्रा निकाली गयी

**रांची (आजाद सिपाही)।** नेताजी एकेडमी विद्यालय होचर कांके रांची परिसर में आज मैट्रिक 2023 के सभी प्रथम श्रेणी से सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सम्मान यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र साहू ने सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय के टॉपर तथा झारखंड टॉप 10 और रांची जिला टॉप 5 पर आई खुशी कुमारी को टॉपर मुकुट और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया, इन्होंने मैट्रिक 2023 में 481 (96.2%) अंक प्राप्त करके यह सम्मान प्राप्त किया है। सम्मान समारोह के बाद विद्यालय के सभी बच्चों ने सम्मान यात्रा निकालकर मुरूम, एकंबा, हुसीर, होचर इत्यादि गांवों की साइकिल यात्रा करते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचे। अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके विद्यालयी प्रमाण पत्र देकर विदाई दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा जीवन में कुछ पल ऐसा होता है जो सर्वश्रेष्ठ खुशी का पल होता है। किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद जो सम्मान मिलता है वह जीवन का सर्वोत्तम क्षण होता है। इस कार्यक्रम में शिव प्रसाद साहू, प्रकाश प्रसाद साहू, मनीष साहू, सुजीत उपाध्याय, उर्मिला केरकेट्टा, अनु देवी, मुकेश कुमार, रेखा कुमारी, पूनम कुमारी, राकेश चंद्र झा, बबलू कुमार साहू, राम केश्वर साहू, सुनीता मुंडा, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो, बालचंद उरांव, विजय उरांव, नीतीश कुमार साहू, दीपक कुमार साहू, नीरज सिंह, नीतू तिर्की सहित कई शिक्षक - शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## विनिता कॉलेज ऑफ नर्सिंग का उदघाटन

**रांची (आजाद सिपाही)।** खेलगांव चौक के बांधगाड़ी में विनीता कॉलेज ऑफ नर्सिंग की शुरुआत सोमावर को हुई। उद्घाटन कॉलेज की निदेशक विनीता देवी ने किया। कॉलेज की प्राचार्य सपना चौधरी ने कहा कि 60 सीटों पर कॉलेज में जीएनएम की पढ़ाई होगी। झारखंड नर्सिंग काउंसिल से कॉलेज को मान्यता मिल गयी है। कॉलेज में लेक्चर, प्रैक्टिकल रूम के साथ सभी सुविधा उपलब्ध है। कॉलेज के उद्घाटन के मौके पर निदेशक विनीता देवी, संरक्षक धर्मेंद्र सिंह, दिलीप सिंह मैनेजमेंट टीम के आकाश सिंह, चंदन पटेल, प्रचार्य सपना चौधरी, वाइस प्रिंसिपल एंजेल प्रियांशी समेत अन्य मौजूद रहे।


**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 75 dated 03.07.2023 I, Alka Singh, daughter of Harendra Singh, resident of Uttam Niwas, Harmu Housing Colony, P.O. & P.S. -Argora, Dist.- Ranchi, Jharkhand - 834002, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian Nationality by birth.
2. That I am permanent resident of above noted place.
3. That Alka Singh and Alka both name is same and one person i.e. mine.
4. That all liabilities and assets belong to Alka is treated as Alka Singh.
5. That above mentioned all the statements are true and correct to the best of my knowledge.


# विधायक सरयू राय के कार्यालय में रामार्चा पूजा के महाप्रसाद में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय के बारीडीह स्थित कार्यालय में मंगलवार को सावन के पहले दिन भगवान शिव के रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक सरयू राय सहित सैकड़ों भाजमो कार्यकर्ता शामिल होकर पूजा अर्चना की। मंगलवार को रूद्राभिषेक के बाद दिन के 12.30 बजे से रामार्चा पूजा के महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जमशेदपुर सहित विभिन्न जिले से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं व गणमान्य लोग उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। वही बाडीडीह विधायक कार्यालय के समक्ष मैदान में कुल 17 काउँटर में व्यवस्थित रूप से चारो तरह लगाया गया था। जिसमे प्रसाद के तौर पर बिहार के भोजुपर की प्रसिद्ध व्यंजन हाथी कान पुड़ी, दो तरह की सब्जी,टमाटर का चंटनी तथा बुंदी प्रसाद के व्यंजन शामिल रहा। भाजमो के विभिन्न मंडलों के कार्यकताओं के द्वारा प्रसाद वितरण की पुरी व्यवस्था संभाला गया। जहा महिलाएँ, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक सभी ने बड़े आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण किया।झारखंड श्रीवारी सेवा दल के करीब 100 से अधिक सदस्यों ने प्रसाद वितरण में अहम भूमिका निभाई। बिहार के आरा जिला के शाहपुर से आए कारीगरों ने रामार्चा पुजा का प्रसाद तैयार की। अनुमान लगाया जा रहा है लगभग 50 हजार से अधिक की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 2 दिन तक पूजा करते हैं। दिनभर प्रसाद का वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा सावन के महीने में उम्मीद करें बारिश हो ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कार्यालय में रुद्रा अभिषेक किया गया। सैकड़ों पुरुष व महिलाएं पूजा में शामिल हुए। उन्होंने कहा पूजा भगवान राम और शंकर की है। लोगों ने श्रद्धा से पूजा में शामिल होकर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा जहां तक सूचना पहुंची है वहां तक के लोग पूजा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। मौके पर जम्बु अखाड़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वति, पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, खादी ग्राम उत्तर पूर्वी के चेयरमैन मनोज सिंह, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, भाजमो केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, केंद्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता आशुतोष राय, अशोक गोयल, खादी ग्राम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदु, टाटा कमिंस प्लांट हेड रामफल मेहरा, मनीष जैन, टाटा मोटर्स रजत सिंह, विशाल सिंह, तापस मित्रा, टेल्को वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह, पूर्वी सिंहभूम पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, घाटशिला के जिला परिषद सदस्य करण सिंह, कविता परमार, समाजसेवी अरूण बाकरेवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महासचिव विवेक चौधरी, मारवाड़ी युवा मंच स्टील सीटी साखा अध्यक्ष मोहित मुनका, मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर साखा महासचिव अश्विनी अग्रवाल, कुसुम पूर्ती, खगेन महतो, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय पदाधिकारी एनके सिंह, अशोक सिंह चौहान, बलदेव भुइयाँ, चंदन यादव, कन्हैया सिंह, नटटू झा, भाजमो महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु सिंह, अमित शर्मा, आरएसएस के कई स्वयंसेवक, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश तथा, विभिन्न जिला के पदाधिकारी व जमशेदपुर महानगर के मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ राज्य के सभी राजनीतिक दलों के नेतागण, विभिन्न संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े लोग शामिल हुए।


**शपथ-पत्र**

मैं, बुधु उरांव, पिता-लेंगा बखला, निवास ग्राम-मालगो बाजार टोली, पो.-बिनगांव, थाना-कर्रा, जिला-खूंटी, झारखंड शपथ पत्र संख्या-1156, दिनांक -23.06.2023 के माध्यम से सूचित करता हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 2534 3366 2583 में मेरा नाम एतवा बखला दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम बुध उरांव है। अब से मैं बुधु उरांव के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाऊंगा।

**शपथ-पत्र**

शपथ-पत्र संख्या 236 दिनांक 31 मई 2023 के अनुसार मैं, विक्रम कुमार, पिता- अरूणजय प्रसाद, निवास- वार्ड नं.-2, न्यू कॉलोनी बाघीटांड, पो+थाना- कोडरमा, जिला-कोडरमा- 825410, झारखंड शपथपूर्वक ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं एवं भारतीय नागरिक हूं।
2. यह कि मेरा नाम सभी दस्तावेज में विक्रम कुमार है, जो सही है।
3. यह कि मेरे आधार सं.-4743 10474756 में मेरा नाम सोनू कुमार है, जो गलत है।
4. यह कि मेरे पिता का नाम सभी दस्तावेज में अरूणजय प्रसाद है, जो सही है।
5. यह कि मेरे आधार सं.-4743 10474756 में मेरे पिता का नाम अरूण प्रसाद है, जो गलत है।
6. यह कि विक्रम कुमार और सोनू कुमार दोनों एक ही व्यक्ति है, जो कि मेरा ही नाम है।
7. यह कि अरूणजय प्रसाद और अरूण प्रसाद दोनों एक ही व्यक्ति है, जो कि मेरे पिता है।
8. यह कि इस शपथ पत्र में दी गई सारी बातें शपथकर्ता के कहे अनुसार सही एवं सत्य है, गलत पाये जाने पर सारी जवाबदेही मेरी होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.6 °c | 25.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.08 बजे |



### बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाइयों का तांता

## हम सभी के लिए गौरव का पल : संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष बनाये जाने पर रांची के सांसद संजय सेठ ने बधाई दी है। सांसद सेठ ने कहा है कि बाबूलाल जी झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बनाये गये, उसके पूर्व वनांचल प्रदेश केअध्यक्ष के रूप में उन्होंने कार्य किया। बाबूलाल जी के पास काफी लंबा अनुभव रहा है। जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव का पल है। उनके नेतृत्व में झारखंड भाजपा का संगठन नयी ऊंचाइयों को छूएगा।

## बाबूलाल के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा : प्रदीप वर्मा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी। प्रदीप वर्मा ने कहा कि एकीकृत बिहार के समय से ही बाबूलाल ने अपनी कुशल सांगठनिक दक्षता का परिचय दिया है। साल 1996 में दक्षिणी बिहार यानी वनांचल का उन्हें भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी को निराश नहीं किया और दक्षिणी बिहार की 14 लोकसभा सीटों में से 12 सीटों पर जीत दर्ज की। फिर 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ और भाजपा को 14 में से 11 सीटें मिली थीं। बाबूलाल की सांगठनिक दक्षता का ही प्रतिफल था कि अलग राज्य बनने के बाद वह मुख्यमंत्री बने। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा और अगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा।

## भाजपा और मजबूत होगी: नवीन जयसवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और पार्टी के वरीय नेता बाबूलाल मरांडी को भाजपा, झारखंड प्रदेश के नये अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा, झारखंड प्रदेश की इकाई निश्चित रूप से सफलता के नये आयाम को छुएगा और संगठन में आपके लंबे अनुभव का लाभ हम सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा।

## चुनावों में पार्टी को मिलेगा लाभ : कृपा शंकर सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपा शंकर सिंह ने राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के वरीय नेता बाबूलाल मरांडी के चार दशकों के अनुभव का पार्टी को आगामी चुनावों में लाभ मिलेगा। राज्य में पार्टी निश्चित रूप से सफलता के नये आयाम को छुएगी।

# सीएम ने बीडीओ के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी

**एसडीओ पर गरीब लोगों के नाम पर स्वीकृत इंदिरा आवास योजनाओं की राशि का गबन करने का आरोप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनवार के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दे दी है। बीडीओ पर गरीबों को इंदिरा आवास स्वीकृत करने के नाम पर राशि गबन का आरोप है। धनवार प्रखंड के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी के खिलाफ गिरिडीह जिलान्तर्गत धनवार थाना कांड संख्या-190/2012 दिनांक 21.07.2012 मामला दर्ज है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त मोहन लाल मरांडी सहित अन्य के विरुद्ध जांच प्रतिवेदन और कांड में अब तक के अनुसंधान से सभी अभियुक्तों द्वारा षड़यंत्र के तहत इंदिरा आवास से संबंधित कई गंभीर त्रुटियां और विभागीय दिशा-निर्देशों की अवहेलना पायी गयी।

जांच में पाया गया कि इंदिरा आवास के आवंटन और उसके भुगतान में प्रखंड कार्यालय में ही एक सुगठित गिरोह कार्यरत था। जो गरीब लोगों के नाम पर स्वीकृत इंदिरा आवास योजनाओं की राशि का गबन सुनियोजित ढंग से कर रहे थे। इस क्रम में विभागीय दिशा-निर्देशों की अनदेखी और अवहेलना की गयी। ताकि सरकारी राशि का गबन किया जा सके। जानबूझ कर एकाउंट पेयई चेकों को बियरर चेक बनाते हुए बिचौलिया उक्त राशि की निकासी अपने सुविधानुसार कर रहे थे। इसमें इंदिरा आवास योजना मार्गदर्शिका का अनुपालन नहीं किया गया।

इस कांड में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी और अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता पायी गयी। इस प्रकार अभियुक्तों के विरूद्ध अनियमितता और कथित सरकारी राशि के गबन इत्यादि करने के आरोप है।

### मंथन : झामुमो केंद्रीय समिति की एक दिवसीय बैठक

# जेएमएम को बूथ स्तर पर मजबूत करने और 50 लाख सदस्य बनाने का संकल्प




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय समिति की एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद देर शाम पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि संगठन को कैसे मजबूती प्रदान की जाये और संगठन विस्तार करने, संगठन में बूथ स्तर से लेकर, जिला स्तर और केंद्रीय स्तर तक के पदाधिकारियों की जिम्मेवारी कैसे सुनिश्चित की जाये, इसे लेकर चर्चा हुई। पांडेय ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान में 50 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति पर भी अध्यक्ष ने चर्चा की। साथ ही डुमरी उपचुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। इसके तहत बूथ कमेटी से लेकर पंचायत और प्रखंड कमेटी का गठन करने का निर्देश पार्टी अध्यक्ष ने बोकारो समिति को दिया गया है। साथ ही सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले पार्टी हर स्तर पर, हर जिले में, हर प्रखंड और बूथ पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए कई निर्देश अध्यक्ष ने दिये। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में कहा कि जो जिम्मेवारी पार्टी और इस राज्य की जनता ने दी है उसे निभाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रहा हूं। आने वाले दिनों में राज्य की जनता की जो अपेक्षा है, उसे पूरा करेंगे। वहीं श्री पांडेय ने विधायक लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा के बैठक में नहीं पहुंचने पर कहा कि पार्टी के कई अन्य विधायक बैठक में नहीं उपस्थित हो पाये हैं। कई लोगों ने पत्र के माध्यम से तो कई लोगों ने टेलीफोन के माध्यम से अपनी व्यस्तता की जानकारी दी है।

**‘बाबूलाल मरांडी खुद अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं, झामुमो के लिए क्या चुनौती बनेंगे’**

**बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के सवाल पर पांडेय ने कहा कि झामुमो का इससे कोई लेना-देना नहीं है कि वह अपना प्रदेश अध्यक्ष किसे बनाती है। इससे झामुमो की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा झारखंड में अपने ताबूत में अंतिम कील ठोक रही है। बाबूलाल मरांडी कई वर्षों से खुद अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे झामुमो के लिए क्या चुनौती होंगे। वह भाजपा के लिए चुनौती हैं।**

**डुमरी विधानसभा में उपचुनाव को देखते हुए जिला समिति को विशेष निर्देश**

श्री पांडेय ने कहा कि डुमरी विधानसभा में उपचुनाव को देखते हुए जिला समिति को विशेष निर्देश दिया गया है। इसमें बोकारो जिला में संगठन को पंचायत स्तर तक बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।

# महगामा के एआइएमआइएम नेता अशोक ने थामा भाजपा का दामन

**नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में हुए शामिल: अशोक कुमार**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में एआइएमआइएम के नेता और गोड्डा के समाजसेवी अशोक कुमार सिंह ने मंगलवार को समर्थकों संग भाजपा की सदस्यता ली। महगामा से दो बार (बसपा और जेवीएम) विधानसभा चुनाव लड़ चुके अशोक सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य, नीति, सिद्धांत और राष्ट्रवाद से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की खातिर पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे वे तन-मन-धन से पूरा करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने सभी का पार्टी में स्वागत करते कहा कि शिव आराधना के दिन आप सभी एक संकल्प लेकर आये हैं। भोलेनाथ आप सबको ऊर्जा दें, ताकि आप देश में नरेंद्र मोदी की सरकार को फिर से बनाने में अपनी महती भूमिका को निभा सकें। उन्होंने कहा कि आप सभी को आज से ही क्षेत्र के सभी घरों के दरवाजे को खटखटाना है। मोदी की नौ साल की उपलब्धियों को जन-जन को बताना है। प्रधानमंत्री ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत का जो सपना देखा है उसे पूरा करना हम सब का दायित्व है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीबों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। आवास योजना के अंतर्गत झारखंड में लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। यहां मात्र 43,400 घर बन पाये हैं।

### बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाइयों का तांता

## बाबूलाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी: प्रभात सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री और झारखंड स्टेट को ऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर प्रभात कुमार सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि उनके नेतृत्व में आने वाले समय में झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी। उनके प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में उल्लास और उत्साह का संचार हुआ है। उनके लंबे अनुभव का लाभ संगठन को प्राप्त होगा।

## अब भाजपा का सत्ता में आना सुनिश्चित:डॉ प्रणव कुमार बब्बू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वरिष्ठ भाजपा के नेता एवं अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता और प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना सबसे अधिक दूरदर्शितापूर्ण, व्यावहारिक और सटीक निर्णय है। उन्होंने कहा कि इससे पूरे झारखंड में भारतीय जनता पार्टी मजबूत होगी।

डॉ बब्बू ने कहा कि, श्री मरांडी भारतीय जनता पार्टी के वैसे नेता हैं जिनकी पूरे झारखंड में जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ है साथ ही, झारखंड गठन के बाद मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने जिस प्रकार से झारखंड के विकास को एक नयी दिशा दी उससे उनकी छवि बहुत बेहतर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी में एक ऐसा सकारात्मक वातावरण उत्पन्न होगा जिसके कारण ना केवल अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीतेगी बल्कि 2024 के आगामी विधानसभा चुनाव में भी सत्ता में वापसी करेगी और झारखंड की जनता के भाग्य में पिछले विधानसभा चुनाव से छाया ग्रहण समाप्त होगा।

## बाबूलाल के नेतृव में पार्टी जितेगी सभी सीटें : उपेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन और धरदार होगा और कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार होगा**

**रांची।** भाजपा नेता व अनुसूचित जाति समन्वय समीति के केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक, महानगर अध्यक्ष रामलगन राम, संतोष रवि, नीरज नायक आदि ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भाजपा झरखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन और धरदार होगा। कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार होगा। रजक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी राज्य के सुलझे हुए अनुभवी नेता हैं। वहीं कार्यकर्ताओं में भी इनकी अच्छी पैठ है।

इनके नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा।

### आस्था : अरघा से होगा जलाभिषेक, भक्तों के स्वागत के लिए तैयार बाबा नगरी

# देवघर में सावन के पहले दिन एक लाख से ज्यादा कांवरियों ने उठाया जल

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** महादेव के प्रिय सावन महीने की शुरुआत मंगलवार को गयी। देवघर बाबा नगरी में भक्तों का उत्साह नजर आने लगा है। यहां कांवरियों की भीड़ दिखने लगी है। सुल्तानगंज में पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। बाबा अजगैवीनाथ मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। कई प्रदेश के कांवरिया गंगा जल लेकर बाबाधाम जाने के लिए सुल्तानगंज पहुंचे हैं। केसरिया वस्त्र धारी शिव भक्तों और बोल बम के जयकारे से सुल्तानगंज का माहौल पूरी तरह बोल बम के रंग में रंग गया है। लगभग एक लाख कांवरियों ने गंगा जल लेकर बाबाधाम को प्रस्थान किया। कांवरियों के स्वागत के लिए हर जगह अस्थायी दुकान खुल चुकी हैं। जिला प्रशासन ने कांवरियों की सुख-सुविधा के लिए कई इंतजाम किये हैं। हालांकि, आनन-फानन की व्यवस्था से ही कांवरियों को संतुष्ट रहना पड़ेगा। प्रशासन ने हर साल की तरह इस साल भी शौचालय, पेयजल, रोशनी, सफाई, ठहराव, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की व्यवस्था की है। अजगैवीनाथ मंदिर सज-धज कर तैयार है। कांवरियों का जत्था आना शुरू हो चुका है। गंगा घाट पर नेपाल, दार्जिलिंग, बंगाल, आसाम सहित बिहार-झारखंड के कांवरिया का जत्था सुल्तानगंज पहुंचा। सभी कांवरिया गंगा में डुबकी लगाने के बाद पूजा-अर्चना कर बाबाधाम पैदल यात्रा पर निकले। अजगैवीनाथ मंदिर घाट पर कांवरिया को जल भरने में परेशानी हुई। कांवरियों ने बताया कि पक्के घाट पर व्यवस्था थोड़ी अच्छी है। अजगैवीनाथ मंदिर घाट कच्चा घाट है। यहां गंगा स्नान में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घाट पर फिसलन है। जल लेकर गंगा से बाहर निकलना मुश्किल है। श्रावणी मेला के दौरान आने वाले कांवरिया में सेल्फी का क्रेज बढ़ रहा है। हर दिन दूर-दूर से पहुंचे कांवरिया गंगा तट व जल भरने के बाद मोबाइल से सेल्फी ले रहे हैं। गुजरात के कांवरिया मनोहर पासवान ने बताया कि सेल्फी एक यादगार के लिए लिया जाता है। चार जुलाई से 31 अगस्त तक श्रद्धालु अरघा के माध्यम से बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। स्पर्श पूजा बंद होगी। 31 अगस्त को अरघा हटाने के बाद स्पर्श पूजा फिर से शुरू होगी। 19 वर्षों के बाद मलमास के कारण इस बार श्रावणी मेला दो माह का है। आठ सोमवारी का अद्भुत संयोग भी है। श्रावणी मेला के बीच में ही मलमास मेला का शुभारंभ होगा।



**दो पक्ष में सावन**

सावन महीना का पहला पक्ष चार जुलाई से 16 जुलाई और दूसरा पक्ष 17 अगस्त से 31 अगस्त तक होगा। मलमास मेले में उत्तर-प्रदेश और मध्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। यूपी के कांवरिए संगम घाट से जल लाकर बाबा को चढ़ाते हैं। इसलिए पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दोगुने श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कांवरियों की भीड़ को देखते हुए पंडा धर्मरक्षिणी सभा ने मलमास मेले में अरघा नहीं लगाने की मांग की है।

**शीघ्रदर्शनम का सिस्टम बदला**

महिलाओं की प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए बने फीडिंग रूम, श्रावणी मेले में शीघ्र दर्शनम पास 250 की जगह 500 रुपये में मिलेगा। रविवार और सोमवार को व्यवस्था बंद रहेगी। अब शीघ्रदर्शनम कूपन के लिए पुरोहितों द्वारा बार-बार फॉर्म भरने की झंझट खत्म कर दिया गया है। बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के निकास दरवाजे के समीप अरघा लगाया जायेगा। कतार में लगने वाले कांवरियों को अगर स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां होंगी, तो उनके लिए इसीजी की व्यवस्था की है। नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स व बाबा मंदिर ट्रामा सेंटर में डिजिटल इसीजी मशीन उपलब्ध रहेगी। इसीजी की रिपोर्ट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के मोबाइल में आ जायेगी, इसके बाद डॉक्टर की सलाह पर इलाज की व्यवस्था होगी। कतार में खड़े कांवरियों को उमस भरी गर्मी से बचाव के लिए नेहरू पार्क से लेकर मंदिर के संस्कार मंडप तक मिस्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था रहेगी। इससे पानी का फव्वारा नहीं, बल्कि फॉग निकलेगा, जो पूरे माहौल को ठंडा कर देगा।

## शरद पवार की पार्टी में फूट

अजित पवार की अपनी पार्टी एनसीपी और चाचा शरद पवार से की गयी दूसरी बगावत चार साल पहले वाली बगावत के मुकाबले ज्यादा मजबूत और टिकाऊ लगती है। जहां पिछली बार सुबह हुए शपथ ग्रहण के कुछ घंटे बाद से ही हालात बदलने शुरू हो गये थे, वहीं इस बार ऐसे कोई आसार नहीं दिख रहे। पिछली बार अजित पवार ने अकेले शपथ ली थी, लेकिन इस बार उनके साथ पार्टी के तमाम दिग्गज नेताओं ने शपथ ली। यह अलग बात है कि इनमें से ज्यादातर के खिलाफ बीजेपी की ही तरफ से भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये जा रहे थे। कइयों के खिलाफ जांच एजेंसियों में मामले भी पेंडिंग हैं। ऐसे में देखना होगा कि जांच एजेंसियां इन नेताओं के कथित भ्रष्टाचार के मामलों में आगे क्या करती हैं। बहरहाल, दलबदल भले ही महाराष्ट्र में हुआ हो, इसकी सबसे बड़ी चोट राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पड़ी है। शरद पवार विपक्ष के सबसे कद्दावर नेताओं में हैं और विपक्षी एकता के प्रयासों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उनके पैरों के नीचे से उनकी लगभग पूरी पार्टी को खींच कर बीजेपी ने यह संदेश दिया है कि विपक्षी नेता जो भी दावे करें, उनकी पार्टी ही उनके काबू में नहीं है। यह बहुत बड़ा संदेश है, जिसे काउंटर करना भी विपक्षी दलों के लिए जरूरी है। शायद यही वजह है कि विपक्षी पार्टियों की बेंगलुरु में प्रस्तावित बैठक टलने की चर्चा शुरू होते ही कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया कि बैठक बेंगलुरु में ही 17 और 18 जुलाई को होगी। कांग्रेस नेताओं ने यह बताना भी जरूरी समझा कि महाराष्ट्र में हुई घटनाओं का विपक्षी दलों के एकता के प्रयासों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। मगर पार्टी में सेंध लगने के बाद इन दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने वोट बेस को बनाये रखने की है। सवाल यह खड़ा हुआ है कि क्या नेताओं के साथ-साथ पार्टी का वोट बेस भी दूसरे खेमे में चला गया है। शिवसेना के शिंदे और उद्धव गुट अब भी इस पर परस्पर विरोधी दावे कर रहे हैं। यही वजह है कि शरद पवार ने एलान किया कि वह इस मामले में कोर्ट नहीं, सीधे जनता के बीच जाने वाले हैं। उन्हें पता है कि विधायकों को भी बांधे रखने का काम जनदबाव से ही हो सकेगा। इस लिहाज से आने वाला वक्त महत्वपूर्ण है। अगर शरद पवार जनता का इतना तगड़ा समर्थन जुटा लेते हैं कि पार्टी के ज्यादातर विधायक उनके साथ रहने का फैसला करते हैं, तो लड़ाई का पहला दौर उनके नाम हो जायेगा। ऐसा नहीं होता है, तो भी फैसला अंतिम रूप से अगले लोकसभा चुनावों में ही होना है। लिहाजा एकता की प्रक्रिया को बाधित होने देने का रिस्क विपक्षी पार्टियां नहीं ले सकतीं।

**सवाल यह खड़ा हुआ है कि क्या नेताओं के साथ-साथ पार्टी का वोट बेस भी दूसरे खेमे में चला गया है। शिवसेना के शिंदे और उद्धव गुट अब भी इस पर परस्पर विरोधी दावे कर रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया को क्रांति का पाठ पढ़ाने वाला फ्रांस आज दंगों की आग में जल रहा है। बाजार लूटे जा रहे हैं। सरकारी इमारतें, जिनमें पुलिस चौकियां, सामुदायिक भवन और स्कूल भी शामिल हैं, जला दिये गये हैं। उपद्रवियों की भीड़ ने 2 हजार से ज्यादा वाहन, जिनमें अधिकांश कारें और बसें हैं, फूंक डाले हैं। यह सब करने वाली भीड़ में बेहद युवा और 13-17 साल के किशोरों की बड़ी तादाद है।**

# नफरत से निकली आग में जलता फ्रांस

सुधीर राघव



फ्रांस नस्लवाद से निकली आग में बुरी तरह जल रहा है। फ्रांस के टीवी चैनल्स पर नाहेल की मां का क्रंदन और सवाल गूंज रहा है, कोई पुलिस वाला अपनी बंदूक हमारे बच्चों की ओर तानकर उनकी जान कैसे ले सकता है? इसका जवाब फ्रांस को ही नहीं, पूरे यूरोप और अमेरिका को ढूंढना है।

फ्रांस के खोजी पत्रकार वैंलेंटीन गेंड्रोट ने पुलिस ट्रेनिंग ली और पैरिस के सबसे गरीब तथा पिछड़े जिलों में, जहां बहुसंख्यक आबादी अफ्रीकी और मिडल ईस्ट के प्रवासियों की है, 6 महीने तक अंडर कवर पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने फ्रांस पुलिस का एक क्रूर चेहरा देखा। अपने अनुभव पर उन्होंने किताब लिखी फ्लिक (कॉप)। इस किताब के जरिए दुनिया ने जाना कि नस्लभेद और क्रूरता कैसे फ्रांस पुलिस की संस्कृति बन गये हैं। वर्ष 2020 में छप कर आयी इस किताब पर खूब हंगामा हुआ। सरकार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर जांच बैठायी। पुलिस सुधारों की बात जोर-शोर से उठी मगर क्या फ्रांस पुलिस की कार्यशैली में कोई सुधार हुआ? यह आज भी बड़ा सवाल है।

दुनिया को क्रांति का पाठ पढ़ाने वाला फ्रांस आज दंगों की आग में जल रहा है। बाजार लूटे जा रहे हैं। सरकारी इमारतें, जिनमें पुलिस चौकियां, सामुदायिक भवन और स्कूल भी शामिल हैं, जला दिये गये हैं। उपद्रवियों की भीड़ ने 2 हजार से ज्यादा वाहन, जिनमें अधिकांश कारें और बसें हैं, फूंक डाले हैं। यह सब करने वाली भीड़ में बेहद युवा और 13-17 साल के किशोरों की बड़ी तादाद है।

**अगर गिनती वर्ष 2020 से की जाये, तो यह पुलिस गोली से इसी तरह की 21वीं मौत है।**

भीड़ के इस गुस्से की वजह पुलिस का एक अधिकारी है, जिसने 27 जून को पैरिस के उपनगरीय इलाके नानतेरे में 17 वर्षीय नाहेल मर्जौक को गोली मार दी। 1 जुलाई को जब नहेल का ताबूत दफनाने से पहले नानतेरे की एक मस्जिद तक लाया गया, तो उसके पीछे हजारों की भीड़ थी, जो जस्टिस फॉर नाहेल के नारे लगा रही थी।

मोरक्को मूल का नाहेल एक अकेली मां (सिंगल मदर) की इकलौती संतान था। घटना के समय वह एक पीले रंग की मर्सिडीज चला रहा था। कम उम्र चालक को देखकर पुलिस ने रुकने का इशारा किया। माना जा रहा है कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था और शायद इसी डर से वह रुका नहीं और तेजी से रेडलाइट जंप कर गया। 2 पुलिस अधिकारियों ने बाइक पर उसका पीछा किया और कार की खिड़की के पास पहुंचने पर एक अधिकारी ने उसे गोली मार दी। उसके बाद से नानतेरे और फिर फ्रांस के अन्य शहरों में भी दंगे शुरू हो गये। हालांकि फ्रांस पुलिस के इस तरह गोली मारने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसी साल की यह तीसरी घटना है, जब ट्रैफिक सिग्नल जंप करने पर पुलिस ने व्यक्ति की हत्या कर दी। अगर गिनती वर्ष 2020 से की जाये, तो यह पुलिस गोली से इसी तरह की 21वीं मौत है। इतना ही नहीं, मरने वालों में अधिकांश अश्वेत और अफ्रीकी मूल के हैं। यह बड़ी वजह है कि लोगों में गुस्सा है और वे फ्रांस पुलिस पर नस्लवादी होने का आरोप लगा रहे हैं।

सिर्फ लोग ही नहीं 30 जून को संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने फ्रांस पुलिस की कड़ी आलोचना करते हुए नसीहत दी कि यह समय है, जब फ्रांस को उसकी कानून व्यवस्था लागू करने वाली संस्थाओं में नस्लवाद और कट्टरपंथी भेदभाव को दूर करने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। हालांकि फ्रांस पुलिस के प्रवक्ता ने पुलिस पर नस्लवादी होने के आरोप को यह कह कर नकारा है कि किसी एक अधिकारी के आचरण से पूरी संस्था को नहीं आंका जा सकता। नाहेल की मौत दुखद है और मामले की जांच चल रही है। आरोपी पुलिस अधिकारी के वकील ने भी मीडिया में पक्ष रखा है कि अगर नाहेल को इस तरह न रोका जाता तो वह और लोगों की जान के लिए खतरा हो सकता था।

ऐसे में एक प्रश्न और उठता है कि क्या फ्रांस पुलिस का नस्लवादी रूप सिर्फ एक ताजा हौवा है, जो गेंड्रोट की किताब से निकला है? नहीं। यह कोई नहीं नकार सकता कि नस्लवाद अमेरिका और यूरोप की एक पुरानी समस्या है। गेंड्रोट की किताब से काफी पहले 2005 में भी फ्रांस पुलिस पर यह आरोप लगा था कि उसने बच कर भागने की कोशिश कर रहे दो अश्वेत किशोरों बौन त्रारो तथा जायद बेना को एक बिजली सब-स्टेशन में करंट से मार डाला था। नस्लवाद की जड़ें यूरोप से अमेरिका तक समान रूप से फैली हैं। 2011 में लंदन में एक अश्वेत मार्क डगन को पुलिस ने गोली मार दी थी और लोग सड़कों पर उतर आये थे। वर्ष 2020 में अमेरिका में अश्वेत जार्ज फ्लायड की मौत के बाद पूरी दुनिया में प्रदर्शन हुए।

ब्रिटिश लेखक जॉनी पिट्स तो यूरोप में नस्लवाद की जड़ें बहुत पुरानी बताते हैं। अपनी किताब एफ्रोपियन : नोट्स फ्रॉम ब्लैक यूरोप में वह दावा करते हैं कि गुलामों के व्यापार ने पश्चिम में नस्ल की अवधारणा को आकार देने में अहम भूमिका निभायी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिमी मीडिया और स्कूली सिलेबस के जरिए भी नस्लवादी नजरिए को बदलने के बहुत गंभीर प्रयास नहीं किये गये। फ्रांस की इस ताजा हिंसा पर गेंड्रोट का कहना है कि उन्होंने अपनी किताब में जो कहा था, नाहेल की मौत भी पुलिस के उसी रवैये में सुधार न होने का संकेत है। पुलिस अफसरों को लगता है कि वे सजा से ऊपर हैं। ज्यादातर पुलिस अधिकारी बहुत अच्छी तरह कर्तव्य निभाते हैं, मगर कुछ ऐसे हैं, जो वही करते हैं, जो उन्हें पसंद है।

फ्रांस नस्लवाद से निकली आग में बुरी तरह जल रहा है। फ्रांस के टीवी चैनल्स पर नाहेल की मां का क्रंदन और सवाल गूंज रहा है, कोई पुलिस वाला अपनी बंदूक हमारे बच्चों की ओर तानकर उनकी जान कैसे ले सकता है? इसका जवाब फ्रांस को ही नहीं पूरे यूरोप और अमेरिका को ढूंढना है।

## जमशेदपुर की खबरें

### दुकानदारों ने अंचल कार्यालय पहुंच कर प्रतिमा कुमारी को आवेदन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के फुलसु ग्राम पंचायत स्थित बाजार टांड के 40 से अधिक दुकानदारों ने अंचल कार्यालय से प्राप्त नोटीस के आलोक में मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंच कर अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से फुलसु बाजार टांड के दुकानदारों ने बताया कि बीते सोमवार को अंचल कार्यालय से अतिक्रमण के संबंध में नोटीस प्राप्त हुआ था, जिसमें हमसभी दुकानदारों को नोटीस के जरिये यह बताया गया था कि आप सभी बाजार टांड स्थित अतिक्रमण भुमि के संबंध में कागजात प्रस्तुत करें नहीं तो एक तरफा कारवाई की जायेगी। आगे बताया कि फुलसु बाजार 1950 से लग रहा है। उस समय बालुमाथ अंचल और थाना द्वारा बाजार लगाने के लिए लोगों को झोपड़ी बनाकर दिया गया था। जो लगभग 70-75 वर्ष से पुर्वजों से अब तक हम सभी दुकानदार बेरोजगारी के कारण फुलसु बाजार टांड में होटल, चाय दुकान, पान गुमटी, साईकिल रीपेरिंग, फल दुकान, सहित सभी अलग अलग रोजगार से जुड़ कर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। अगर हम सभी को दुकान से हटाया जाता है तो 45-50 घर के परिवार पलायन करने पर विवश हो जायेगे। इसलिए हमसभी को अपने अपने स्थान पर रोजगार के लिए छोड़ दिया जाय। इस सबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि झारखंड लोग भुमि अतिक्रमण अधिनियम 1956(बिहार एक्ट 15 के उप-धारा 2) के तहत फुलसु के 45 झोपड़पट्टी दुकानदारों को अतिक्रमण भुमि से संबंधित नोटीस किया गया था। आज मंगलवार को सभी उपस्थित हुए। जिन्हें बारी बारी से जमीन सबंधित पुछताछ किया गया, जिसमें कुछ लोगों के द्वारा बाजार के जमीन को अतिक्रमण कर पक्का मकान निर्माण किए हैं और कर रहे हैं। उन्हें दुबारा नोटीस किया गया है। झोपड़पट्टी दुकानदार अपने अनुसार दुकान चलाते रहे। बाजार लगने में किसी भी तरह का कोई विवाद उत्पन्न न हो इस की सख्त हेदायत दिया। आवेदन सौपने में मो बेलाल, विजय सिंह, तिलक मांझी, सुरेश साव, मो अय्युब, कैलाश राम, रबानी मियां, जयदीप सिंह, नवदीप सिंह, अमित सिंह, सुखदेव साव, बनवारी साव, अमर साव, सुनिल उरांव, मो मोजिब, दशरथ ठाकुर, मो मोईन सहित 40 से अधिक लोग शामिल थे।

### कोल्हान प्रमंडल के बांग्ला भाषा-भाषियों के 16 संगठनों ने डीसी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही सवांददाता



**जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल के 16 बंगला भाषा भाषियों के संस्थाओं ने झारखंड में बंगला भाषा के उत्थान व गिरते स्तर कों देखते हुए पहल शुरू कर दी। मंगलवार को कोल्हान प्रमंडल के 16 बांग्ला भाषा-भाषियों के एक एक प्रतिनिधिमंडल बांग्ला भाषा को झारखंड में बचाने की मांग कों लेकर जिला मुख्यालय के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया। मौके पर संस्था की सदस्या अपर्णा गुहा ने कहा कोल्हान के कई रेलवे स्टेशन के शिलापट्ट मे बंगला भाषा मे अंकित स्टेशनो के नाम कों हटा दिया गया। साथ ही राज्य भर मे समाप्त हो रहे बंगला भाषा के स्कूलों कों फिर से शुरू किये जाने की मांग उठाया गया। जिसके विरुद्ध आंदोलन शुरू किया था। श्रीमती गुहा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बंगाली समुदाय के परेशानियों का जल्द समाधान के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा उपायुक्त कार्यालय में प्रदर्शन के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया। ऐसा प्रतीत होता है बंगला भाषा के अस्तित्व पर झारखण्ड राज्य मे संकट बना हुआ है। न स्कूलों मे बंगला शिक्षक है न ही पढ़ने के लिए पुस्तक, ऐसे मे झारखण्ड राज्य मे बड़ी संख्या मे निवास करने वाले बंगला समुदाय के लोग अपने मातृभाषा से दूर हो रहे हैं। श्रीमती गुहा ने कहा अगर जल्द मांगे पूरी नहीं हुई तो बांग्ला भाषा भासी के लोग एकत्रित होकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### बाबुलाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमरिया।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बाबुलाल मरांडी को झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौपी है । बाबुलाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिये जाने पर सिमरिया मंडल के भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और नवमनोनीत प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी को बधाई दी है। और कहा है कि बाबुलाल जी के नैतृत्व में झारखंड में पार्टी संगठन को मजबुती मिलेगी । और आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में चौकाने वाले परिणाम आएंगे। सिमरिया मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह ने कहा कि बाबुलाल जी को अध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत है। मैं उन्हे सिमरिया के तमाम भाजपा कार्यकताओं की ओर से बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि बाबुलाल जी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने पर निश्चित रूप से संगठन मजबुत होगा । आने वाले चुनाव में पार्टी का बेहत्तर प्रदर्शन होगा । उन्होंने यह भी कहा कि बाबुलाल जी संगठन के अनुभवी नेता है ।और मृदुभाषी के साथ साथ मिलनसार नेता होने का पार्टी को बेहत्तर लाभ मिलेगा । सिमरिया से जुड़े भाजपा नेताओं ने भी कहा कि बाबुलाल जी को प्रदेश अध्यक्ष बनाऐ जाने पर निशिचित रूप से पार्टी का संगठन राज्य स्तर पर मजबुत होगा । बाबुलाल जी के पहचान झारखंड के एक-एक गांव गांव तक और एक-एक कार्यकर्ताओ के बीच है । इनका झारखंड के हर वर्ग के नागरिकों से सीधा सम्पर्क है । इसका लाभ पार्टी संगठन के साथ साथ इनसे आम नागरिकों का भी जुडाव पार्टी से बढेंगा जिससे आने वाला चुनाव में पार्टी को लाभ मिलेगा । विशेष रूप से संथाल प्रगणना में बाबुलाल जी आदिवासी समाज में स्थापित और सर्वमान्य नेता है । आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इनके नैतृत्व में निशिचित तौर से आदिवासी वोट में इजाफा होगा । बाबुलाल जी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से खासकर संथाल परगना में भाजपा का जनाधार बढेंगा। और पार्टी संगठन शसक्त और मजबुत होगी । वहीं चतरा लोकसभा व सिमरिया विधानसभा में बाबुलाल जी के नैतृत्व में होने वाले चुनाव में बेहत्तर परिणाम दिखेगा । बाबुलाल मरांडी एक मेहनती और सजग नेता है ।

### समाजसेवीयों के प्रयास से प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को सौंपी मुआवजा राशि



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** बीते दिनों औद्योगिक क्षेत्र के जेजेसीओ प्रेस मेटल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्य के दौरान घायल 43 वर्षीय महावीर प्रधान की इलाज के दौरान पीएनएच में मौत हो गयी थी। लेकिन परिजनों को इसकी जानकारी काफी देर से मिली। जानकारी मिलते ही परिजन कंपनी पहुंचे। प्रबंधन ने मृतक के आश्रित को एक- एक लाख देने की बात कही, जिसपर परिजन आक्रोशित होकर वापस लौट गये। जानकारी मिलने पर सेवा ही संस्था के अध्यक्ष माणिक मल्लिक और सुंदरनगर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोमनाथ चक्रवर्ती ने परिजनों के साथ थाना लिखित शिकायत की। परिजनों ने 20 लाख रुपये मुआवजा, मृतक की दो बेटियों के शादी का खर्च, श्राद्ध कर्म में होने वाला खर्च और मृतक की पत्नी को स्थाई नौकरी देने की मांग की। मंगलवार को मृतक के परिजन और समाजसेवी के द्वारा कंपनी गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात आदित्यपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को थाना आकर मामले को सुलझाने को कहा। कंपनी प्रबंधक ने भी थाने आकर मृतक के परिजनों के साथ समझोता कर साढ़े 9.5 लाख की राशि देने की बात कही, जिसमें मृतक के परिजनों को एक लाख 80 हजार का 5 चेक एवं 50,000 क्रिया कर्म के लिए देने पर सहमति बनी।

मौके पर सेवा ही लक्ष्य संस्था के अध्यक्ष मानिक मलिक, जेएमएम से राजेश गोप, बबलू प्रधान, परितोष दास, उत्तम दास सहित परिजन मौजुद रहे।

### टाटा स्टील ने इसीए ग्राहकों के लिए डिजिटल प्लेटफार्म 'ऊर्जा' किया लांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने ईसीए ग्राहकों के लिए कंपनी के केंद्रीकृत डिजिटल खरीद बिक्री प्लेटफॉर्म पर अपने प्रमुख वित्त कार्यक्रम ऊर्जा का लॉन्च किया। साथ ही अपनी डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया। ऊर्जा कार्यक्रम को एमएसएमई और टाटा स्टील के ईसीए ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया। यह सुविधा जो ऋण लेना चाहते उन ग्राहकों के लिए है, लेकिन वित्तीय संस्थानों, बैंकों, एनबीएफसी से असुरक्षित वित्त की अनुपलब्धता के कारण इसे प्राप्त करना मुश्किल हो रहा है। मौके पर टाटा स्टील के मार्केटिंग और सेल्स, ब्रांडेड प्रोडक्ट्स और रिटेल के प्रमुख प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा ऊर्जा प्रोग्राम प्रमुख बैंकों और एनबीएफसी जैसे कई ऋणदाताओं को एमएसएमई एवं ईसीए ग्राहकों से जोड़ती है। कुशल और सरल तरीके से कम दस्तावेज व परेशानी मुक्त पूंजी से संबंधित समस्याओं का समाधान भी किया जाता है।


आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 05 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



# तमाड़ भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि के घर से चोरी गयी स्कॉर्पियो नामकुम थाना क्षेत्र से बरामद

**2 जुलाई की रात अनुप कुमार साहू के आवास से लाखों रुपये के जेवर और स्कॉर्पियो की हुई थी चोरी**

**चोर स्कॉर्पियो लेकर दशमफाल थाना इलाके में घूमते रहे, लेकिन थाना प्रभारी को भनक तक नहीं लगी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा पथ पर गागरसतिया से 2 जुलाई की रात भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू के आवास से चोरों ने लाखों रुपए के जेवर व स्कॉर्पियो नं. जेएच 01ई जेड 5000 चुरा लिये थे। आज नामकुम थाना क्षेत्र में सुबह रिंग रोड के निकट रामपुर में उक्त स्कॉर्पियो लावारिश हालत में मिली। सूचना मिलने के बाद तमाड़ पुलिस स्कॉर्पियो को बरामद कर थाना ले आयी। कल शाम दशमफाल पुलिस को सूचना देने के बावजूद वह हाजेत व पंसकाम इलाके में नहीं गयी। फिर रात को लगभग साठ की संख्या में सांसद प्रतिनिधि के शुभचिंतक जंगल में घुसकर स्कॉर्पियो व चोरों की तलाश शुरू की। सांसद प्रतिनिधि के शुभचिंतक चोरों के निकट पहुंच गये थे लेकिन काफी रात होने की वजह से लोग वापस आ गये। इसी के दबाव में आकर चोर उक्त गाड़ी को छोड़कर भाग गये।

इधर तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह व डीएसपी अजय कुमार इस कांड का उद्‌भेदन करने के लिए एडी-चोटी एक किये हुए हैं। आज पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर जांच पड़ताल करवायी और चोरों के फिंगर प्रिंट भी लिए गये। इसके बाद श्वान दस्ता कुत्ते की टीम ने भी जांच पड़ताल की और घर के पीछे चोरी गये सिटी गोल्ड के कंगना-चूड़ी वगैरह को खोज निकाला। जिसे चोरों ने फेंक दिया था।

डीएसपी बुण्डू व तमाड़ पुलिस ने आज भी गहराई से जांच पड़ताल की। चोर एक पेड़ पर चढ़कर छत से घर के अंदर घुसे थे और चोरी करने के बाद घर के पीछे से दिवाल फांद कर भागे थे। पुलिस आज दिनभर कई सीसीटीवी कैमरे को खंगाला और महत्वपूर्ण जानकारी ली। चोर स्कॉर्पियो लेकर अड़की थाना क्षेत्र के कोटा जोजोहातू होते हुए बुंडू थाना के सारजमडीह होते हुए दशमफाल थाना इलाके में घूमते रहे। इसकी जानकारी बच्चे से लेकर बड़ों तक थी। लोगों ने कहा भाजपा का झंडा लगा गाड़ी देखे हैं, फिर भी दशमफाल थाना प्रभारी विष्णुकांत को इसकी भनक नहीं लगी। जब उन्हें सूचना दी गयी तो भी वे नहीं गये।

इधर सूत्रों के अनुसार तमाड़ पुलिस चोरों के बहुत करीब पहुंच गई है। चोरों की संख्या पांच से छह होने का अनुमान है। चोरी की घटना का खुलासा भी जल्द होगा।

## आम्रेश्वर धाम में दो महीने के श्रावणी मेले की शुरुआत

# डीसी-एसपी ने मुख्य मंदिर में की पूजा-अर्चना

**श्रद्धालओं को भक्तिमय माहौल और बेहतर अनुभूति प्राप्त हो, यह हम सभी की जवाबदेही : शशि रंजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त शशि रंजन और पुलस अधीक्षक अमन कुमार ने मंलवार कों बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर में दो महीने तक लगनेवाले श्रावणी मेंले का उद्घाटन किया। मौके पर डीसी और एसपी ने मुख्य मंदिर में भोले शंकर की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। उपायुक्त ने सभी को पावन श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रावणी मेले में दूर दराज से श्रद्धालु आम्रेश्वर धाम पहुंचते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था की गयी है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि परिसर में यात्री शेड, सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया। साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि पावन सावन माह (दो महीने) के दौरान श्रावणी मेला सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण होगा। यहां आनेवाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को सभी के सहयोग से भक्तिमय माहौल और बेहतर अनुभूति प्राप्त हो, यह हम सभी की जिम्मेवारी और जवाबदेही है। जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए 247 महत्वपूर्ण सूचनाओं के सम्प्रेषण के लिए कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। साथ ही खोया पाया केंद्र में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर क्रियाशील बनाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अंगराबारी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा के साथ 24 घंटे क्रियाशील बनाया गया है। धाम परिसर में रेफरल अस्पताल तोरपा द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बनई नदी से लेकर अंगराबाड़ी परिसर के आसपास निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं समुचित लाइट की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही बनई नदी से लेकर मंदिर तक रोड के दोनों ओर झाड़ियों की साफ-सफाई कराई दी गई है तथा इस पथ पर बन गये गड्ढ़ों को भर दिया गया है। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनीकेत सचान, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जितेंद्र सिंह मुंडा, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश, मुरहू एवं खूंटी के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी और आम्रेश्वर धाम प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष लाल ज्ञानेन्द्र नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष रमेश मांझी, महामंत्री मनोज कुमार, मुनीनाथ मिश्रा, सुखदेव भगत, अरुण कर, श्रीपाल जैन, महेन्द्र, भगत, सत्यजीत कुंडू सहित अन्य उपस्थित थे।

## इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विनोद राय ने बाबूलाल मरांडी को दी बधाई



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता को भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा लगातार बधाइयां का तांता लगा हुआ है। इचागढ़ विधानसभा के भाजपा नेता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद राय ने बाबूलाल मरांडी को बधाई दी। विनोद राय ने कहा कि बाबूलाल जी हम जैसे कार्यकर्ताओं के ना केवल मार्गदर्शक हैं व हमारे अभिभावक भी हैं। बाबूलाल जी के नेतृत्व में पूरे झारखंड में संगठन और भी मजबूत होगा। बाबूलाल जी दूरदर्शी नेता हैं और हमेशा अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं के संपर्क में बने रहते हैं व हमेशा समाज के उत्थान के कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मैं पूरे इचागढ़ विधान सभा की ओर से बधाई व शुभकामनाएं देता हूं साथ ही साथ केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करता हूं।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाये जाने पर तमाड़ क्षेत्र के भाजपाइयों ने दी बधाई

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बनाये जाने पर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपाइयों ने आभार प्रकट करते हुए बाबूलाल मरांडी को बधाई दी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन और धारदार और मजबूत होगा। बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि तमाड़ लक्ष्मण सिंह मुंडा, सांसद प्रतिनिधि अड़की अनूप कुमार साहू, जिला सांसद प्रतिनिधि कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, गोलक दास अधिकारी, विष्णु पद महतो, अजित महतो, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी सदस्य विनोद राय, ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य रंजित लाहेरी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रांची ग्रामीण के विवेक जायसवाल, गणेश कुम्हार, आलोक दास, धीरेन्द्र महतो, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, मोती पातर, मनोज साहु, दिनेश साहु, राजकुमार महतो, सुबोध मुखर्जी, सुरेन्द्र साहु, शशि कुमार महतो, संजय कुमार महतो, सत्यनारायण महतो, हरिराम महतो, प्रकाश सिंह मुंडा सहित कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## सोनाहातू के भाजपाइयों ने बाबूलाल मरांडी को दी बधाई

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इन्होंने बधाई देते हुए कहा कि पार्टी ने एक कुशल संगठनकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। बाबूलाल मरांडी का लंबे समय का राजनीतिक अनुभव रहा है एवं उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी के कार्यकताओं को अवश्य मिलेगा और झारखंड भाजपा संगठनात्मक रूप से और सुद्दढ़ होगी। कार्यकर्ता एक नई ऊर्जा के साथ मजबूती से कार्य करेंगे। इधर राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, सोनाहातू मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी, बारेंदा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो सहित मंडल कमिटी ने बधाई दी है।

## शहादत दिवस पर परमेश्वर सिंह मुंडा दी गयी श्रद्धांजलि

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शहीद कॉ परमेश्वर सिंह मुंडा के 34वें शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव में मंगलवार को श्रद्धांजलि दी गई। कॉलेज मोड़ स्थित प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण व दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जगमोहन महतो, मोहन दत्ता, सुखदेव मुंडा, गौतम मुंडा, सिमैला मुंडा, ठाकुर मुंडा, विनोद लहरी, रामेश्वर मुंडा, पार्वती मुंडा, जोगेन मुंडा, दुलाल मुंडा, लखींद्र मुंडा, काली पद मुंडा उपस्थित थे।

## लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न गांव के 155 महिला लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण किया गया। महिलाओं में रोजगार सृजन करने के लक्ष्य को लेकर चूजा दिया गया है। 15-15 बत्तख चूजा 90 प्रतिशत 170 रुपये के भुगतान पर वितरण किया गया। बत्तख चूजा वितरण में जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, बीडीओ सुचित्रा मिंज, पशुपालन पदाधिकारी धनजंय कुमार, उप प्रमुख सविता देवी, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोईरी, निशिकांत गोंझु, मुखिया सुभद्रा देवी आदि मौजूद थे।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

**विशेष अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखंडों में किया गया कार्यशाला का आयोजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए 14 जुलाई से प्रारंभ हानेवाले जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को सभी प्रखंडों में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में सदस्यों को जन्म और मृत्यु निबंधन की महत्ता और उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। बताया गया कि जनता में जागरुकता और जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की महता की जानकारी के अभाव में झारखंड राज्य में जन्म एवं मृत्यु का शत-प्रतिशत निबंधन नहीं हो रहा है। इस आलोक में जनता को जागरूक करने एवं प्रमाण पत्र की आवश्यकता के महत्व को समझाने कें लिए जन्म एव मृत्यु के अनिबंधित मामलों का निबंधन संबंधित निबंधन इकाइयों में कराने तथा प्रमाण पत्र के महत्व वं निबंधन की प्रक्रियाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाना है। इस दौरान संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया कि अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इसमें पिछले पांच वर्षों में छूटे हुए बच्चों का सर्वे आंगनवाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। यह सूची 15 दिनों के अंदर तैयार कर लिया जाना है। कार्यशाला में विभिन्न समयावधि में निबंधन के लिए आवेदन करने पर लगने वाले शुल्क और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गयी। साथ ही प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स की होनेवाली बैठकों में इसकी चर्चा की जाएगी।

# रोहिणी प्रबंधन और विस्थापितों की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**विस्थापितों ने पुनर्वास स्थल पर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सौंपा ज्ञापन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** रोहिणी परियोजना प्रबंधन ने मंगलवार को परियोजना विस्तारीकरण को लेकर परियोजना कार्यालय में विस्थापितों के साथ बैठक की। बैठक में रोहिणी परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने विस्थापितो के साथ घरों की मापी, पुनर्वास स्थल, रोजगार सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। विस्थापितो की ओर से कहा गया कि प्रबंधन विस्थापितों की जो भी मांग है उस पर सकारात्मक पहल करे तो विस्थापित भी प्रबंधन को सहयोग करेंगे। पुनर्वास स्थल के लिए दरहा पतरा के छोटकी धमधमियाटांड़ में मांग की गई जिस पर परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि जो भी पुनर्वास स्थल मिलेगा वह कोल बेरिंग क्षेत्र से बाहर मिलेगा। खनन क्षेत्र के दायरे में जिधर परियोजना बढ़ेगी उधर पुनर्वास स्थल नहीं दिया जा सकता है।

पीओ जेके सिंह ने कहा कि जिस जगह पुनर्वास स्थल बनेगा उस जगह उसे पूरी तरह से व्यवस्थित तरीके से बनाकर उसे रहने लायक बनाया जाएगा। इसके लिए प्रबंधन पूरी तरह से तत्पर है।और उस जगह पर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।मोर्चा के रोहिणी शाखा द्वारा पुनर्वास स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है।जिस पर प्रबंधन ने सकरात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर मैनेजर दीपक कुमार, अनुराग मिंज एव विस्थापितो की ओर से मुकद्दर कुमार,अमृत भोगता, लहसन भोगता, शिवनाथ भोगता, सूरज लोहार, छोटन भोगता आदि उपस्थित थे।

## खलारी में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर पकड़ाया

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने गुप्त सूचना के आधार पर मोनिट डेनियल कोल वाशरी के पास अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा। इसके साथ ही वहां 3500 सीएफटी अवैध तरीके से रखे गए बालू भंडार को भी जप्त किया गया।सीओ ने बताया कि पकड़े गए ट्रैक्टर को सुरक्षा के दृष्टिकोण से खलारी थाने के सुपुर्द किया गया है। अंचल अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू तस्करी को लेकर उन्हें शिकायत मिल रही थी इसी सूचना के आधार पर औचक छापामारी की गई उन्होंने बताया कि अवैध बालू के भंडारण के बारे में पूछे जाने पर जावेद ने बताया यह बालू मोनेट डेनियल कोल वाशरी का है उन्होंने जब से बालू भंडार की नीलामी के लिए जिला खान पदाधिकारी को सूचित कर दिया है।

## संयुक्त कृषि भवन खूंटी में जिला स्तरीय खरीफ-सह-मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन

# पारंपरिक खेती छोड़ कुछ नया करें किसान, तभी आयेगी हरित क्रांति : एसडीओ

**कार्यशाला में जिले के कृषि एवं समानांतर विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** संयुक्त कृषि भवन खूंटी में जिला स्तरीय खरीफ-सह-मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने किया। कार्यशाला में जिले के कृषि एवं समानांतर विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हुए, जिन्होंने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी प्रदान की। जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लकड़ा ने बताया कि सरकार ने इस वर्ष को मिलेट्स ऑफ ईयर घोषित किया है, जिसमें मुख्य रूप से मोटे अनाज की खेती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही खरीफ में उगाए जानेवाली फसलों के बारे में बताया गया। साथ ही विभाग से दी जा रही विभिन्न अनुदानित दरों पर उपलब्ध बीजों के बारे में भी बताया गया।

अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज किसानों को पारंपरिक तरीके से हटकर कुछ नया एवं बड़ा करने का प्रयास करना चाहिए, तभी हमारे क्षेत्र में हरित क्रांति आ सकती है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि निरीक्षक, प्रभारी उप परियोजना निदेशक, जिला कृषि पदाधिकारी के सहयोगी मयंक कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जनसेवक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक और किसानों ने भाग लिया।

## अबुआ झारखंड पार्टी की बैठक में स्थानीय समस्याओं पर हुई चर्चा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पथ निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में मंगलवार को अबुआ झारखंड पार्टी की बैठक हुई। पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी जावेद पाशा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नॉलेज सिटी, बाजार समिति मंडी, बाई पास सड़क निर्माण, झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन सहित अन्य स्थानीय समस्याओं पर चर्चा हुई। विशेष कारण से आज की बैठक में जिला कमेटी के विस्तारीकरण को स्थगित किया गया। बैठक में विशेष रूप से अबुआ झारखंड पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष रिलन होरो, कार्यकारी अध्यक्ष- सोमा मुंडा, निकोदिन लकडा, एसटी एक्का, संजय कुजूर, बद्री साहु, मनोज पाहन, अल्बर्ट होरो विजय सिंह, सनिका मुंडा, महबूब अंसारी, रोहित सुरीन, अजय सिंह, जुनूल होरो, फ्रैंकलीन धान, भीमसेन सांगा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऑटो व बाइक की टक्कर में चार घायल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के डांड टोली मेंमंगलवार की शाम एक ऑटो व बाइक की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज तोरपा रेफरल अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी अनुसार मंगलवार को शामलगभग 6 बजे के आसपास एक पल्सर बाइक से तीन युवक तोरपा की ओर से खूंटी जा रहे थे उसी समय डांड टोली के पास दुखिया भेंगरा अपने ऑटो को घर के पास पार्क कर रहा था। बाइकस्वर ने काफी तेज रफ्तार से ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार प्रकाश सिंह उर्फ चुनु सिंह(28),योगेश बड़ाईक (28) व अमित केरकेट्टा (27) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर गए। तीनो युवक कोलेबिरा के रहने वाले है। वही ऑटो चालक दुखिया भेंगरा भी घायल हो गया। सभी घायलों को तोरपा थाना के एसआइ महती बोपाई ने घायलों को नीतीश भेंगरा, रुबेन तोपनो व विजय गुड़िया के वाहन से अस्पताल पहुंचाया।

## चिरगाडीह गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिरगाडीह गांव में मंगलवार को विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता कविता काथी, पीएलवी रूकमनी देवी, सोनामनी देवी, आरती कुमारी, मुस्कान कुमारी, कपिलदेव प्रसाद, रामेश्वर चौधरी एवं राजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा, रांची के अधिवक्ता कविता काथी ने लोगों को ह्यफ्री लिगल एडह्न निशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। उन्होंने बाल विवाह, बाल मजदूरी, शिक्षा के अधिकार और इसके प्रोविजन के बारे में विस्तार से बताया। दुष्कर्म पीड़िता को प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में जानकारी दी गयी व मुआवजा प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में पीएलवी आरती कुमारी ओर रामेश्वर चौधरी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के उपाय को भी बताये।इस दौरान ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि डालसा ग्रामीणों के कानूनी मदद के लिए हमेशा तैयार रहता है।

## पिपरवार के कल्याणपुर टाना भगत कॉलोनी में बारिश से गिरी बाउंड्री और ट्रांसफॉर्मर शेड



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर स्थित टाना भगत कालोनी में लगे ट्रांसफार्मर शेड टूटकर ध्वस्त हो गया। वही ट्रांसफार्मर सेड और कॉलोनी की बाउंड्री भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गयी। ट्रांसफार्मर का शेड गिरने से ट्रांसफार्मर सहित बिजली का तार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गयी है। इस संबंध में स्थानीय टाना भगतो ने बताया कि मंगलवार की दोपहर हुई जोरदार बारिश के बाद कॉलोनी के अंदर लगे ट्रांसफार्मर का शेड अचानक गिरकर ध्वस्त हो गया। इसके अलावा कॉलोनी के बाउंड्री टूट कर गिर गयी। इस हादसे में ट्रांसफार्मर सहित बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद कॉलोनी के लोगों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी। वही टाना भगतो ने शेड बनाने वाले संवेदक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रबंधन से इसकी जांच कराने की मांग की है। इधर गर्मी के इस मौसम में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से कॉलोनी के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय प्रबंधन से जल्द इसकी मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर गढ़वा जिला भाजपा ने दी बधाई



**आने वाले 2024 में भाजपा बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी : ओमप्रकाश केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर गढ़वा जिला के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी एक कुशल संगठनकर्ता रहे हैं, निश्चित रूप से इनके नेतृत्व में भाजपा झारखंड प्रदेश में एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी। आने वाले 2024 में भाजपा बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर गढ़वा जिले के तमाम कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हैं।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और कार्यकर्ताओं में नयी उर्जा का संचार होगा। उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि झारखंड में भाजपा अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को सभी कार्यकर्ताओं की ओर से बहुत बहुत बधाई। बधाई देने वालों में भाजपा मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, मीना गुप्ता, प्रदीप पासवान, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, सुप्रित केशरी, अविनाश पासवान, राजीव रंजन पासवान, उमेश कश्यप, नसरुद्दीन अंसारी, अनीता गुप्ता, अखिलेश उरांव, राकेश शंकर गुप्ता, उदय कुशवाहा, रामसकल कोरवा, नवीन जायसवाल, संजय जायसवाल, अनवर शाह सहित गढ़वा जिला से अन्य सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## कांडी प्रखंड प्रमुख के प्रदेश के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल

# प्रखंड प्रमुखों के हक लिए संघर्ष के सिवा कोई रास्ता नहीं है : पिंकू पांडेय

**नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने झारखंड प्रदेश के सभी प्रमुख एवं उप प्रमुखों के साथ तमाम पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद दिया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** वर्तमान में कांडी प्रखंड के प्रखंड प्रमुख एवं पूर्व में प्रमुख पति रहे पिंकू पांडेय झारखंड प्रदेश प्रमुख संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। राजधानी के पुराने विधानसभा के सभागार में सोमवार को राज्य भर के प्रमुखों ने उन्हें सर्वसम्मति से अपना प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया। इसकी सूचना मिलते ही कांडी प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कांडी प्रखंड के प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के गढ़वा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय रांची में निर्विरोध प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए। सोमवार को राजधानी रांची स्थित पुराने विधानसभा के सभागार में आयोजित चुनावी प्रक्रिया में पिंकू पांडेय को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुना गया। इसके साथ ही पलामू की गीता मेहता को उपाध्यक्ष, हजारीबाग के संतोष मंडल को सचिव, दीपक चौधरी को उप सचिव, उदय कुमार साव को कोषाध्यक्ष व आनंद कुमार को संरक्षक बनाया गया है। जबकि आधा दर्जन प्रमुखों को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

मीडिया से बात करते हुए पिंकू पांडेय ने कहा कि प्रमुख के हक व हकूक की लड़ाई के लिए इस संगठन का गठन किया गया है। प्रखंड प्रमुखों को जबतक उनका वाजिब हक नहीं मिल जाता तबतक क्षेत्र के विकास को गति नहीं मिल सकती। कहा कि झारखंड प्रदेश में पंचायत का तीसरा आम चुनाव संपन्न हो जाने के बाद भी 13 सालों के दौरान पंचायती राज कानून के तहत दिए गए अधिकार अभी तक पंचायती राज कानून के किताबों में ही सिमट कर रह गया है। उसे किताब से बाहर निकाल कर सर जमीन पर उतारने की सख्त जरूरत है। जिसके लिए संविधान के दायरे में संघर्ष करने के सिवा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने झारखंड प्रदेश के सभी प्रमुख एवं उप प्रमुखों के साथ तमाम पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद दिया है। इसके साथ ही उन्हें प्रदेश की जिम्मेवारी सौंपने के लिए तमाम लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही लोगों को विश्वास दिलाया है कि वे उनके विश्वास एवं भरोसे पर निश्चित रूप से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

मालूम हो कि पंचायत के पिछले आम चुनाव के बाद की अवधि में तीन वर्ष के लिए वर्तमान में संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय की पत्नी नीतू पांडेय कांडी प्रखंड की प्रखंड प्रमुख चुनी गई थीं। हालांकि आम चुनाव में ज्ञान्ती देवी को विजयी घोषित किया गया था। लेकिन ज्ञान्ती देवी के चुनाव को नीतू पांडेय ने चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि मतगणना में हेराफेरी करके ज्ञान्ती देवी को प्रशासन ने प्रमुख बना दिया है। मामले की जांच पूरी होने के बाद आरोप को सही पाया गया। इस तरह नीतू पांडेय को कांडी का प्रखंड प्रमुख चुनाव में विजयी घोषित कर दिया गया। लेकिन वर्ष 2022 में अनारक्षित अन्य सीट पर हुए चुनाव में वे खुद कांडी प्रखंड प्रमुख चुन लिए गए। उसके बाद गढ़वा जिला के प्रखंड प्रमुखों ने पिंकू पांडेय को प्रमुख संघ का गढ़वा जिला अध्यक्ष चुन लिया। आज वे झारखंड प्रदेश प्रमुख संघ के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए।

# बच्चों को स्नेह के साथ संस्कार भी दें : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** समस्त संसाधनों के बावजूद निर्लिप्त रहना ही वैराग्य लोक धर्म के बाद परलोक धर्म में लगें, अभाव और प्रतिक्रिया से लिया गया वैराग्य स्थाई नहीं। बालक के प्रति स्नेह रखनी चाहिए। उनके बढ़ते उम्र के साथ संस्कार और अनुशासन की शिक्षा आवश्यक है। अनुशासन और संस्कार के बगैर अधिक लाड़-प्यार बच्चों का भविष्य बर्बाद कर देता है। बच्चे जब बड़े हो जाएं तो उनसे भाई जैसा व्यवहार करना चाहिए। श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आत्मदेव द्वारा अपने पुत्र धुंधकारी को अत्यधिक लाड़-प्यार के कारण उसका महाखल बन जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि धुंधकारी शराबी, जुआरी और वेश्यागामी बन गया। वह अपने माता-पिता को मारने पर उतारू हो जाता था। आत्मदेव जी का मंदिर जैसा घर श्मशान बन गया। वे काफी चिंतित थे। गोकर्ण जी उनकी चिन्ता का कारण जान उपदेश देने लगे। स्वामी जी ने कहा कि जो नश्वर है, उसे शाश्वत मान लेना और शाश्वत को नश्वर मान लेना ही तो अंधकार है। शास्त्रों में अन्धकार को अज्ञान, अविवेक इत्यादि नाम दिए गए हैं। अंधकार या अज्ञान में वस्तु का यथार्थ ज्ञान नहीं होता। आध्यात्मिक दृष्टि से विनाशी को अविनाशी माना लेना, क्षणिक को शाश्वत मान लेना, पराये को अपना मान लेना इत्यादि बातें रात्रि के अंधकार सदृश हैं। जब परिवार आप से आकांक्षा न रखे तो परिवार से मुंह मोड़ लेना चाहिए। किसी वस्तु के अभाव अथवा प्रतिक्रिया से लिया गया वैराग्य स्थायी नहीं होता। सब कुछ रहने के बाद भी मर्यादित जीवन जीना वैराग्य है। समस्त संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद उनके प्रति निर्लिप्त भाव वैराग्य है।

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### शुद्धि पत्र

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/SBD/02/2023-24, जिसका PR No. 299947 हैं, में निम्नलिखित रूप से संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Last Date of | Dates as per NIT | Amended Dates |
|---|---|---|---|
| 1. | Last Date/Time for receipt of online bids | 05.07.2023 up to 05:00 PM | 12.07.2023 up to 05:00 PM |
| 2. | Last Date/Time for receipt of EMD (Hard Copy) | 06.07.2023 up to 02:00 PM | 13.07.2023 up to 02:00 PM |
| 3. | Date/Time of Opening bids | 07.07.2023 at 11:00 AM | 14.07.2023 at to 11:00 AM |

शेष सभी शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग

PR.NO.301409 Urban Development and Housing(23-24):D

# आम के पेड़ में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के मझिगावां गांव में बीते सोमवार की शाम में बिजली की चपेट में आने से एक 11 वर्षीय बच्चे की मृत्यु हो गई। हरिहरपुर ओपी में दिए गए आवेदन के अनुसार बीते सोमवार को मझिगावां गांव निवासी कुलदीप पासवान का 11 वर्षीय पोता हिमांशु पासवान पिता मुन्ना पासवान की मृत्यु आम के पेड़ में प्रवाहित विद्युत की चपेट में आने से हो गई। ज्ञात हो कि गांव के ही संजय चौबे पिता स्व. नागेंद्र नाथ चौबे अपने आम की रखवाली हेतु कांट से घेराव किये थे। जिसमें घर से बिजली का तार ले जाकर उसमें विद्युत करेंट प्रवाहित किये हुए थे, जिसकी चपेट में हिमांशु आ गया। उसके पश्चात हिमांशु के साथ आयुष कुमार पासवान (11 वर्ष) पिता उमेश पासवान उसे करेंट की चपेट में आते देख ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। जिसके पश्चात परिजनों द्वारा हिमांशु को रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शव को मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। इधर मृतक के परिजनों के द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है व मामले की छानबीन में पुलिस लग गई है।

# रंका में वज्रपात से एक ग्रामीण की मौत

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के ग्राम रंकाकला टोला शिवनाला निवासी राजकुमार राम चंद्रवंशी (58) की मौत मंगलवार को दो बजे दिन में हो गई। इस संबंध में गांव के प्रत्यक्षदर्शी झामुमो कार्यकर्ता अरूण कुमार रवि ने बताया कि राजकुमार राम खेत में बोआई कर रहे थे। अचानक तड़क गरज के साथ बारिश होने लगी। वे हल-बैल छोड़ कर एस्बेस्टस लोहा पाईप से छाए हुए एक मकान में जाकर पानी से बचने के लिए छुप गए। इसी क्रम में जोरदार गरज के साथ घर के पास वज्रपात हुई, जिसके चपेट में आने से राजकुमार राम की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घर गांव वाले राजकुमार राम को रंका रेफरल अस्पताल में लाए जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि की। वज्रपात से मौत की खबर सुनते ही रंका सीओ शंभू राम अस्पताल पहुंचे और प्राकृतिक आपदा से मौत होने पर प्रावधान के अनुसार मिलने वाले मुआवजा राशि नियमानुसार दिलाने का आश्वासन दिया। रंका थाना पुलिस ने लिखित प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। मौके पर रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, युवा सचिव पप्पू यादव, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, अरविंद सोनी, अरूण कुमार रवि पहुंचे और परिजनों को मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से आर्थिक सहयोग एवं सरकारी मुआवजा का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

# डीलर के खिलाफ कार्डधारियों ने किया हंगामा

**लाभुकों ने डीलर पर मई एवं जून माह का राशन नहीं देने का लगाया आरोप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत के ग्राम बलीगढ़ में डीलर रामविलास बैठा के जन वितरण प्रणाली दुकान पर कार्ड धारियों ने जमकर हंगामा किया। लाभुकों ने डीलर रामविलास बैठा पर मई एवं जून माह का राशन नहीं देने एवं पर्ची नहीं निकालने का आरोप प्रखंड विकास सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर शिकायत की थी। जो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने डीलर रामविलास बैठा के पीडीएस दुकान पर जायजा लेने पहुंचे। जहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करने लगे ग्रामीण संजू देवी, लगन पासवान, विनोद पासवान, सीताराम पासवान, प्रहलाद बैठा, मनोज कुमार राम, राजेंद्र सिंह, कलावती देवी, बिगन सिंह, आरती देवी, अशोक ठाकुर ,बली ठाकुर, धनंजय ठाकुर, फूलमती देवी, रीता देवी, गुलाबी कुंवार, रजवंती देवी, बुद्धू साह ने कहा कि डीलर द्वारा हम सबों से अभद्र व्यवहार करते हैं और मई -जून का राशन एवं पर्ची नहीं निकाली गयी है। ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद बीडीओ ने डीलर को फटकार लगाते हुए दो दिन के अंदर राशन वितरण करने को कहा और ऐसा नहीं करने पर निलंबन की कार्रवाई करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिखेंगे। मौके पर बलिगढ़ पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता सहित काफी ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुखिया मूंगा साह ने श्राद्ध कार्य के लिए किया आर्थिक सहयोग



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के आदिवासी बहुल टोला मायर निवासी रामनाथ सिंह की पत्नी मंजू देवी के आकस्मिक निधन पर मुखिया मूंगा साह ने श्राद्ध कर्म के लिए दो हजार का आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर मुखिया मूंगा साह ने कहा कि मंजू देवी की मृत्यु गंभीर बीमारी से हो चुकी है। घर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आर्थिक सहयोग किया है ताकि भोज कार्यक्रम सही से हो सके। मौके पर रामनाथ सिंह, मदन सिंह, गौरी सिंह, धर्मदेव सिंह सहित मृतक के परिजन उपस्थित थे।

## कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार

### (अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2022–23 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना 2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य से बाहर नामांकन लेने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि का विस्तारण किया गया है :–

❖ ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | ई0कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक सत्र– 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि। | 25.07.2023 |
| 2 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 02.08.2023 |

❖ ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर) :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | ई0कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि। | 07.07.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र– 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि। | 25.07.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 02.08.2023 |

नोट :–
- अन्य दिशा–निर्देश पर्वू में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार (Website- ekalyan.cgg.gov.in) पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 301314Welfare(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

### एन०आर०ई०पी०, चतरा

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/17/2023 दिनांक– 04.07.2023

1. मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र॰ सं॰ | प्रखंड | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा नगर परिषद | वार्ड संख्या– 14 एवं 15 में अर्जुन रजक के घर से मदीना मस्जिद होते हुए मुसा स्कूल तक एवं सकुरिया मस्जिद से चिना मैदान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 16534170 | 330700 | 10000 | 12 माह |
| 02 | चतरा नगर परिषद | वार्ड संख्या– 03 में अजन्ता प्रेस से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक कालीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। | 11354568 | 227100 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.07.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 19.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा एवं (iii) अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग। में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 20.07.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 21.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा

PR 301399 NREP (23-24)_D

## योजनाओं पर ग्रहण : बूढ़ा पहाड़ का इलाका नक्सल मुक्त होने के बाद भी विकास से कोसों दूर

# विभागीय दांवपेच में उलझ रही योजनाएं



## टाइगर प्रोजेक्ट के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मिलीभगत से उच्च गुणवत्ता की बनने वाली सड़क पर रोक लगाकर कराया जा रहा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य

**टाइगर प्रोजेक्ट के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मिलीभगत से उच्च गुणवत्ता की बनने वाली सड़क पर रोक लगाकर उक्त स्थल पर ही खुद से सड़क के बीच पड़ने वाले आधा दर्जन से अधिक नदी नालों में पाईप पुलिया एवं बॉक्स पुलिया का गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया जा रहा है। टाइगर प्रोजेक्ट द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में नियमों को ताक पर रखकर वन कर्मियों की मौजूदगी में धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है. निर्माण स्थल पर कोई तकनिकी पदाधिकारी मौजूद नहीं रहते हैं. इनके द्वारा निर्माण स्थल पर कई बड़े-बड़े इमारती पेड़ काटकर गिराए गए हैं वही निर्माण कार्य में भारी मात्रा में सुरक्षित वन क्षेत्रों से अवैध तरीके से खराब पत्थर एवं मिट्टी युक्त बालू का उत्खनन कर लगाया जा रहा है। जिसका खुलासा बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के भ्रमण पर गए प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश मिंज, झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज सहित टीम में शामिल स्थानीय पत्रकारों द्वारा कार्यस्थल पर रखे गए पत्थर, बालू एवं गुणवत्ताविहिन हो रहे कार्यों को देखने के बाद हुआ।**

**पीएमजीएसवाई से नौ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य पर टाईगर प्रोजेक्ट ने लगायी रोक**

ओमप्रकाश

**बड़गड़।** पिछले तीन दशक से नक्सलियों का वर्चस्व क्षेत्र रहा बूढ़ा पहाड़ का इलाका नक्सल मुक्त होने के बाद भी विकास से कोसों दूर है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का समुचित लाभ वहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। सरकार की मंशा है कि क्षेत्र का जल्द विकास हो और वहां के लोगों को जल्द इसका लाभ मिले।

बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में विभागीय दांवपेंच के कारण केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाएं अधर में लटक जा रही हैं। जिसका ताजा उदाहरण इन क्षेत्रों में जाने के बाद देखने को मिल जाएगा। यहां बता दें कि बूढ़ा पहाड़ के आसपास के गांव को सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क, पुल, पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिली थी, जिसका विभाग द्वारा टेंडर भी हो चुका था। परंतु सड़क निर्माण का कार्य स्थल का ज्यादातर भाग सुरक्षित वन क्षेत्र टाइगर प्रोजेक्ट के एरिया में आता है। जिस कारण विभागीय दांवपेंच लगाकर टाइगर प्रोजेक्ट के द्वारा बूढ़ा पहाड़ जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बहेरा टोली से अम्बाटांड़ तक नौ करोड़ की लागत से बनने वाली उक्त सड़क निर्माण कार्य के लिए एनओसी नहीं दी गई। टाइगर प्रोजेक्ट द्वारा कराए जा रहे गुणवत्ता विहिन कार्य का उपरोक्त लोगों ने कड़े शब्दों में विरोध करते हुए मुख्यमंत्री से गुणवत्ता विहीन कार्य पर रोक लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। निर्माण स्थल पर कार्य करा रहे टाइगर प्रोजेक्ट के टेकर गार्ड विनोद कोरवा ने निर्माण स्थल से इमारती पेड़ों की कटाई, सुरक्षित वन क्षेत्र से अवैध तरीके से निकालकर पत्थर एवं बालू को निर्माण कार्य में लगाए जाने की बात पूछे जाने पर कहा कि पदाधिकारियों के निर्देश पर जंगलों से पत्थर निकाला गया है। पदाधिकारियों के निर्देश पर ही सारे कार्य कराए जा रहे हैं।

## GOVT. OF JHARKHAND
## DRINKING WATER & SANITATION MECH. DIVISION, RANCHI

*E-Procurement*

INVITATION FOR BIDS (IFB)

**Very Short tender reference no.- DWSMD/RANCHI/08 (2023-24)**

| Sl. No. | Name of Schemes | Estimated Cost (Rs) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Augmentation of water supply by construction of 2 Nos. HYDT of size 200 mm X 165 mm X 300 m deep with DTH hydraulic rig m/c & supplying and installation of submersible P/sets in HYDT all complete at Women's Polytechnic, Tharpakhna, Ranchi. | 1077421.00 | 21600 | 2500.00 | 15 days |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publishing on website | 06/07/2023 at 02.00 PM |
| 2 | Last date & time for online receipt of bid | 14/07/2023 at 05.00 PM |
| 3 | Last Date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (In Hard Copy) | 15/07/2023 at 03.00 PM Office of the Executive Engineer, D.W. and S. Mech. Division, Ranchi. Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi |
| 4 | Date of online opening | 17/07/2023 at 04.00 PM |
| 5 | Place for online opening of bids | Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi |
| 6 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, D.W. and S. Mech. Division, Ranchi. Zila School Campus Water Tower, near Jain Mandir, Upper Bazar, Ranchi – 834001 |
| 7 | Contact no of Procurement office | 0651-3577997, 9431161242 Email ID :- dwsdmechranchi@gmail.com |

नोट – 1. केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।
3. ऐसे निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, स संवेदक–निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।
4. निविदा की सूचना तथा नियम शर्ते की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमण्डल,
राँची।

PR 301329 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## गोंदलीपोखर से सैकड़ों की संख्या में कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए हुआ रवाना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पवित्र सावन माह के पहले दिन मंगलवार को प्रखंड के गोंदलीपोखर से सैकड़ों की संख्या में कांवरियों का जत्था बाबा नगरी देवघर में जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ। भाजपा के युवा नेता सह जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, पूर्व युवा जिला महामंत्री राजू प्रमाणिक एवं मंडल प्रभारी राजेन्द्र मुण्डा ने झंडा दिखाकर जत्थे को रवाना किया। जत्था में कांवर ज्योतिष महतो, रूपेन्द्र महतो, जितेन्द्र महतो, सचिन महतो, संदीप महतो, राजू महतो, महाबीर महतो, सोनेलाल महतो सहित अन्य शामिल हैं।

## बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर रामकुमार दीपक ने दी बधाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ रांची के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। रामकुमार दीपक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के पास लंबा राजनीतिक और सांगठनिक अनुभव है। इसलिए उन्हें पार्टी द्वारा यह बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई है। वे सांसद, केन्द्रीय मंत्री से लेकर राज्य के सीएम तक रह चुके हैं। ऐसे में झारखण्ड भाजपा को वे नई उंचाईयों तक पहुंचाने का काम करेंगे। इनके नेतृत्व में 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा शानदार प्रर्दशन करेगी।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बाबूलाल मरांडी को झारखंड बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा टाटीसिलवे मंडल में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। साथ ही लड्डू बांटकर एक दूसरे को मिठाई खिलायी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इनके कार्यकाल में पार्टी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनायेगी और संगठन आगे बढ़ेगा। इस दौरान भाजपा टाटीसिलवे मंडल के कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी को बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, उपाध्यक्ष राणा दिनकर सिंह, पूर्व मंडल महामंत्री सरयुग प्रसाद, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, जेपी आंदोलकारी भोलानाथ मिश्र, भाजपा नेता मुक्तिनाथ मिश्रा, पुरुषोत्तम मिश्रा, गुप्तेश्वर नाथ मिश्र, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, रामकृष्ण महतो, विजय नाथ मिश्रा, श्रीदाम सिंह मुंडा, विजय महतो, वीणा देवी, माधुरी देवी आदि शामिल हैं।

## भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूटपाट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** भारत फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी से पांचवें महीने की 30 तारीख को दिनदहाड़े नकाबपोश अपराधियों ने चान्हो थाना क्षेत्र के हर्रा गांव के समीप लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में चान्हो थाना में मामला दर्ज कराया गया था। मामले का अनुसंधान करते हुए चान्हो पुलिस ने कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को धर दबोचा है। गिरफ्तार अपराधियों में विजय उरांव गुड़गुड़ जारी निवासी, अनूप पाहन चटवाल निवासी, दीपक ठाकुर बुढ़मू निवासी शामिल हैं। इनके पास से घटना में प्रयुक्त टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल, 20 हजार नगद, सैमसंग कंपनी का टैब और आईकार्ड सहित कई बैंक पासबुक को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## ट्रेन से कट कर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के मिलिट्री डेरी फार्म के समीप रेलवे ट्रैक पर टाटीसिलवे पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। हालांकि मृतक व्यक्ति की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। मृतक व्यक्ति के शव को टाटीसिलवे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्म के लिये रांची रिम्स भेज दिया है। टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बताया कि मंगलवार सुबह फोन पर सूचना मिली कि मिलिट्री डेरी फार्म के पास रांची से मुरी जाने वाली रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर आस पास के लोगों से मृतक का शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी।

## प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को पिपरवार मंडल भाजपा ने दी बधाई

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता बाबुलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकताओं ने बधाई दी है,साथ ही केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने बहुत ही अनुभवी एवं मेहनती जमीन से जुड़े हुए नेता को प्रदेश की जिम्मेवारी दी है। आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ पार्टी चुनाव जीतेगी। बधाई देने वाले में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,धनराज भोक्ता,संजय कुमार,राधा देवी,अरविंद कुमार सिंह, उदय शर्मा, आदित्य केशरी, रामलाल महतो, रीना देवी, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, रीमा देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

**कार्यक्रम :** कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया गया जोर

# कांग्रेस के कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ हैं : सुबोधकांत सहाय

**कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री स्नेहा सहाय भी शामिल रहीं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को गोंदलीपोखर में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष नारायण मुण्डा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेश कच्छप, प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, प्रदेश सचिव बेलस तिर्की, सोमनाथ मुण्डा, श्रवण मुण्डा, जगन लिंडा, सुंदरी तिर्की, महिला अध्यक्ष मेरी तिर्की, सहनाज खातुन, मुमताज खान आदि उपस्थित हुए। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुबोधकांत सहाय ने संगठन को मजबूत और धारदार बनाने का निर्देश दिया। कहा कि संगठन को जिला से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के साथ प्रखंड, पंचायत व बूथ सम्मेलन कराएं, सभी कार्यकर्ता जन-जन तक कांग्रेस पार्टी की नीतियों को पहुंचाने के साथ लोगों की जनसमस्याओं को लेकर सरकारी कार्यालय में जाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है। मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। अडानी के बारे में सवाल पूछने के कारण ही राहुल गांधी को अपनी सदस्यता गंवानी पड़ी। भाजपा सरकार में मंहगाई चरम पर है जनता त्राहिमाम कर रही है। भाजपा जाति-धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाकर सिर्फ सत्ता में काबिज रहने की रणनीति पर काम कर रही है। विकास और मंहगाई का मुद्दा गायब है। लेकिन जनता भाजपा के मंसूबे को समझ चुकी है, जिसका जवाब 2024 में जनता देगी। विधायक राजेश कच्छप ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर आम लोगों से जुड़े रहने और पार्टी के लिए एकजुट व समर्पित होकर काम करने को कहा।

ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश किरण ने कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व से अवगत कराते हुए संगठन को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने तथा पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही भाजपा सरकार की नाकामियों, महंगाई, बेरोजगारी एवं मोदी अडानी के रिश्तों को जनता के बीच उजागर करने का आग्रह किया। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। संचालन मुन्ना मुण्डा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्राम महतो ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में युवा अध्यक्ष विशाल स्वांसी, बरतु मुण्डा, विश्राम महतो, मुन्ना मुण्डा, मिनहाज आलम, समशाद अंसारी, शनिचरवा मुण्डा, रिझना करमाली, तिवारी भोगता आदि का योगदान रहा।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, सिद्धिक अंसारी, सफीक अंसारी, सरिता देवी, निर्मल करमाली, नईम अंसारी, किशोर करमाली, नौशाद अंसारी, विमल टोप्पो, अनुप मुण्डा, राजदेव पहान, राजू मुण्डा, सारिका, अजय तिर्की, प्रकाश उरांव, रामचरण मुण्डा, विजय उरांव, अजय टोप्पो, अनिकेत बेदिया, कमलेश पहान, गंगा मुण्डा, मंजु एक्का, सुधीर तिग्गा, गणेश रजवार, जितेन्द्र उरांव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मृतक के शव को रख कर ग्रामीणों ने किया फैक्टरी का मुख्य गेट जाम

**प्रबंधन की ओर से मुआवजा, नौकरी, बच्चों की पढ़ाई का खर्च और मेडिकल सुविधा देने पर माने ग्रामीण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे क्षेत्र के टाटी बस्ती के रहनेवाले शत्रुध्न महतो की सोमवार दोपहर टाटीसिल्वे स्थित ऊषा मार्टिन कंपनी में काम करने के दौरान रोप के टूटने से मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। जिसे लेकर आक्रोशित लोगों ने मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे शत्रुघ्न महतो के शव को लेकर फैक्ट्री के मुख्य द्वार को जाम कर दिया। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित महिला और पुरूस फैक्ट्री प्रबंधन मुदार्बाद, मृत शत्रुध्न के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा देना होगा आदि नारे लगा रहे थे।

मौके पर विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, उपप्रमुख वीणा देवी, रांची जिला भाजपा महिला अध्यक्ष माधुरी देवी, सिलवे मुखिया नूतन पाहन आदि पहुंचे और प्रबंधन से मृत शत्रुध्न के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग रखी। लगभग चार घंटे के बाद प्रबंधन की ओर से जेनरल मैनेजर नृपेन्द्रनाथ झा द्वारा मृतक शत्रुध्न के परिजनों को बीस लाख रुपए का मुआवजा, दोनो बच्चों की पढ़ाई के लिये 5-5 हजार रुपए प्रति माह, सलाना पांच लाख रुपए का मेडिकल बीमा, पत्नी बलवंती देवी को नौकरी तथा जब तक नौकरी नहीं करें तबतक आधी तनख्वाह देने का लिखित आश्वासन दिया गया। जिसके बाद ग्रामीण माने और मृतक शत्रुध्न के शव को ले जाकर देर शाम अन्तिम संस्कार कर दिये।

**मुआवजा देने में हुई देरी से भड़के लोग :** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने बताया कि प्रबंधन द्वारा दुघर्टना के बाद मृत शत्रुध्न के परिजनों को सूचना दिये बिना मेडिका अस्पताल ले जाया गया और उसके बाद से सुबह विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, उपप्रमुख वीणा देवी, जिलाध्यक्ष माधुरी देवी, सिल्वे मुखिया नूतन पाहन आदि ने प्रबंधन से वार्ता की जिसपर प्रबंधन द्वारा दोपहर 12 बजे तक मुआवजा देने की बात कही गयी थी, पर दो बजे तक प्रबंधन द्वारा कोई सूचना नहीं दी गयी जिससे लोग आक्रोशित हो गए।

## विकास की ज्योति पुंज है शिक्षा : लाल ऋषि नाथ शाहदेव

**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** गुरु व शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक व पथ प्रदर्शक हैं। गुरु व शिक्षा के बगैर विद्यार्थियों का समग्र विकास असंभव है। यह बातें हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष लाल ऋषि नाथ शाहदेव ने कहीं। वे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो में मंगलवार को आयोजित गुरु पूर्णिमा व प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने समारोह में वार्षिक परीक्षा 2023 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, हिंदू जागरण मंच झारखंड के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रॉय ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश नारायण सिंह, अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, कोषाध्यक्ष भीखा उरांव, सहसचिव जगरनाथ भगत, केसीबी कॉलेज बेड़ो के पूर्व प्राचार्य राजेंद्र तिवारी, मुखिया सुशांति भगत, राजेन्द्र रौनियार, आचार्य नीरज मिश्रा, संजू सिंह, अल्मा बेक एवं सभी आचार्य, दीदी व अभिभावक आदि मौजूद थे।

**श्रावण मास :** प्रथम दिन ओरमांझी प्रखंडवासियों ने निकाली कांवर यात्रा

# डोमा नदी छठ घाट से जल उठाकर महाकालेश्वर धाम में किया बाबा को जलाभिषेक

**आदित्य साहू ने की 45 लाख रुपये की लागत से महाकालेश्वर धाम में विवाह भवन बनाने की घोषणा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रावण मास के प्रथम दिन प्रखंडवासियों के द्वारा कांवर यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा ओरमांझी शंकर चौक के राधा-कृष्ण मंदिर से निकलकर डोमा नदी छठ घाट पहुंची। कांवर यात्रा में शामिल भक्तों के द्वारा डोमा नदी छठ घाट से आस्था का जल भर कर बोल बम का जयकारा लगाते हुए महाकालेश्वर धाम उलातू पहुंच कर बाबा का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा की अगुवाई पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, संतोष कुशवाहा, मनोज बाजपेयी, पंसस ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, शशि मेहता, दिलीप मेहता, अलखनाथ महतो, राजकिशोर साहू, आशीष कुमार साहू, कुलदीप तिवारी, विक्रांत तिवारी, पूजा समिति अध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी, दुर्गा शंकर साहू, आनंद महतो, अजीत महतो, अरबिंद कुमार, राजेश सिंह, रणधीर साह, नीरज नायक, शशि वर्मन, दीन दयाल लोहार, मीना देवी, पूर्व मुखिया, मुन्नी देवी, मणि देवी कर रहे थे। बाबा का जलाभिषेक के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा भोलेनाथ की असीम कृपा हम ओरमांझी वासियों पर है।

राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि सावन माह में महाकालेश्वर धाम उलातू में जलाभिषेक करने से भक्तों पर असीम कृपा बरसती है। उन्होंने कहा कि 45 लाख की लागत से महाकालेश्वर धाम उलातु में सांसद मद से विवाह भवन बनेगा। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सह संरक्षक महाकालेश्वर धाम के अमरनाथ चौधरी ने कहा कि महाकालेश्वर धाम उलातू में बाबा को जलाभिषेक मात्र से ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

## रांची लोकसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास हमारा लक्ष्य : संजय सेठ



**रांची सांसद ने एडचोरो में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में विवाह मंडप का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को प्रखंड के एडचोरो में स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर के प्रांगण में सांसद मद से बनने वाले विवाह मंडप का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। मौके पर शिलान्यास समारोह में उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगुवाई में देश उन्नति कर रहा है देश के हर गांवों तक सड़क बिजली और पानी पहुंच रहा है। केन्द्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाएं गरीब कल्याण के लिए बनायी जाती हैं, और देश की गरीब जनता इन योजनाओं का लाभ उठा रही है। उन्होंने आगे कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास विकास मेरा लक्ष्य है। मौके पर सभा को प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के लिए रांची सांसद सजग रूप से कार्य कर रहे हैं। एड्चोरो ग्रामवासियों की वर्षों पुरानी मांग को सांसद ने पूरा की। इसके लिए पूरा एड्चोरो सांसद संजय सेठ के प्रति आभार व्यक्त करता है। शिलान्यास से पूर्व ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक कलाकार शिवशंकर महली और प्रसाद महली ने अपनी आवाज कला से लोगों को मोहित किया। मंच संचालन मंडल अध्यक्ष राकेश केशरी और धन्यवाद ज्ञापन सुधीर तिवारी के द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, हिंदुआ उरांव, शिला देवी,रमेश राम तिवारी,कुलदीप तिवारी, राम कुमार दुबे नंदकिशोर महतो अजय नायक, रामजीवन साहू, पवन साहू, निरंजन ठाकुर, संतराम तिवारी, राजेन्द्र पांडे ,शुभम केसरी, आनंद साहू, विक्रम साहू, झारखंड रत्ना से सम्मानित शिव शंकर महली, रामप्रसाद महली, बालमुकुंद साहू, शुभम केसरी, शांति देवी, सरिता देवी, शीला देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## महादानी मंदिर में श्रावणी मेला महोत्सव के पहले दिन भोलेनाथ का हुआ भव्य श्रृंगार



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक महादानी मंदिर में श्रावणी मेला महोत्सव के पहले दिन मंगलवार को बोल बम ताड़क बम के जय घोष के साथ महादानी मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वही प्रखंड के गांव के शिवालयों में भी श्रावण मास के पहले दिन श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की। जहां महादानी मंदिर में मेघनाथ गिरी व अशोक पंडा के नेतृत्व में बाबा भोलेनाथ में वैदिक मंत्रोचार के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। वही महादानी मंदिर में पूरे श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार पूजा अर्चना की जाएगी। जहां श्रावण मास के पहले दिन विदेशी प्रसाद के द्वारा भोलेनाथ महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा अर्चना किया गया। वही पूजा-अर्चना के पूर्व श्रद्धालुओं ने भक्ति भजन कीर्तन में भी भाग लिया। इधर श्रृंगार पूजा अर्चना के बाद श्रृंगार पूजा में शामिल हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## बेड़ो से महाकाल उज्जैन के लिए 42 कांवरियों का जत्था रवाना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नवयुवक कांवरिया संघ बेड़ो के बैनर तले 42 कांवरियों का पहला जत्था मंगलवार की सुबह दस बजे उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान जय महाकाल व महादानी बाबा के जयघोषों से मंदिर का परिसर आह्लादित व गुंजित रहा। जत्थे का नेतृत्व कर रहे जितेंद्र पाठक ने बताया कि पूरा जत्था एक साथ यहां से सीधे महाकाल पहुंचकर भगवान महाकाल का दर्शन कर क्षिप्रा के जल से जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद देवघर स्थित बाबाधाम के लिए रवाना हो जाएंगे। कांवरियों में प्रकाश कुमार, मुन्ना खन्ना, किशुन गोप, राधेश्याम यादव, रितेश यादव, रुद्र यादव, सुशील भगत, बुधवा भगत, सुधु भगत, दिलीप भगत, सुखराम उरांव, निर्मल टोप्पो, रौशन टोप्पो, देवानंद सिंह, सीताराम सिंह, दुबराज सिंह, रामनारायण सिंह हेमाचल सिंह, रोहित सिंह, मनोज गोप, मनोज महतो, बलिराम स्वांसी, कार्तिक मिस्त्री, कृष्णा मिस्त्री व विलेन समेत दर्जनों कांवरिया मौजूद थे।

## सर्प दंश से किशोरी की मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**विश्रामपुर(पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के लुरीखुरी-लकडही गांव के एक किशोरी की मौत मंगलवार की सुबह सर्फ दंश से हो गयी। जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के लुरीखुरी-लकडही गांव निवासी रद्दू राम की 14 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी गाय के बछड़े को चारा हेतु बांधने घर से कुछ ही दूरी पर खेत मे गयी थी। तभी अचानक एक विषैले सर्प ने उसे काट लिया। परिजन उसे इलाज हेतु विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। लेकिन किशोरी ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। इधर मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही अजीत कुमार, बिरजू राम, मुन्ना राम, शंभू राम, विश्वनाथ राम सहित कई ग्रामीणों ने किशोरी के दाह संस्कार में काफी सहयोग किया।

# सुजीत सिन्हा गैंग का रिक्की खान रांची से गिरफ्तार

## एनएच 98 साइड पर करायी थी फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनएच 98 कंस्ट्रक्शन कंपनी शिवालया की साइट पर फायरिंग करने वाले कुख्यात सुजीत सिन्हा गैंग के जीशान शेख उर्फ रिक्की खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रिक्की खान को पलामू पुलिस ने रांची के कांके चौक से गिरफ्तार किया है। वह यही का रहने वाला है। मालूम हो कि गत 28 जून को पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार में नेशनल हाइवे 98 की कंस्ट्रक्शन कंपनी शिवालया के साइट पर बाइक सवार तीन अपराधियों ने फायरिंग की थी। फायरिंग की घटना में ठेकेदार शिवजी दास के पैर में गोली लगी थी।



मंगलवार को एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि शिवालय कंस्ट्रक्शन के मालिक को फिरौती के लिए सुजीत सिन्हा के नाम से अंतरराष्ट्रीय नंबर से मैसेज आ रहा था, जिसमें फिरौती के लिए रकम न देने पर खून खराबा करने की बात कही गई थी। इस कांड के उद्भेदन के लिए उनके निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा सुजीत सिन्हा गिरोह के विभिन्न ठिकानों पर लगातार छापेमारी की गई तथा गुप्तचर को तैनात किया गया। छापामारी के दौरान सूचना के आधार पर रांची के कांके चौक के रहने वाले जीशान शेख उर्फ रिक्की खान को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान जीशान ने बताया कि वह सुजीत सिन्हा के गिरोह के लिए काम करता है। उसके द्वारा ही शिवालय कंस्ट्रक्शन के मालिक को फिरौती मांगने के लिए मैसेज करने के लिए बोला गया था। जीशान ने ही गोली चलाने के लिए शूटर को पैसे भेजे थे। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि सुजीत सिन्हा एवं अमन साहू फिरौती वसूलने के लिए अपने गिरोह के कुछ सदस्यों को विदेश में रखते हैं और फिरौती के लिए मैसेज करते हैं ताकि नंबर का पता न चल सके। गिरफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

छापामारी टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, छतरपुर के एसडीपीओ अजय कुमार, इंस्पेक्टर वीर सिंह मुंडा, हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, छतरपुर के थाना प्रभारी शेखर कुमार, पिपरा के थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह और अनुसंधानकर्ता अभय आनंद शामिल थे।

## बाबूलाल मरांडी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला पार्षद विजय रविदास ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी में संगठन चलाने की कुशलता है। कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करते रहना उनकी विशेष क्षमता है। इसके अलावा उनका लंबा अनुभव भी पार्टी के लिए लाभकारी साबित होगा। उनके नेतृत्व में भाजपा झारखंड में और मजबूत होगी। श्री रविदास ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। कहा कि श्री मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का निर्णय प्रशंसनीय है। इधर कई अन्य भाजपा नेताओं ने बाबूलाल



मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, सतीश्वर प्रसाद सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेस तिवारी, संतोष राम, मनीष कुमार, संजय ठाकुर, शिव शंकर चंद्रवंशी सहित कई भाजपा नेताओं का नाम शामिल हैं।

# बाधक नहीं बनें, मिलकर करें विकास: प्रथम महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रेडमा रांची रोड में लग रहे मल्टी प्ले स्टेशन का विरोध करने वाले लोगों के विरोध में पूरे मोहल्ला वासी एक होकर नगर आयुक्त से मिलते हुए 100 लोगों का हस्ताक्षरित पत्र सौंपा और कहा दादा दादी पार्क जहां बन रहा है वही बने,विरोध करने वाले लोगों की चिंता ना करें हम पूरे रेड़मा



ग्रामवासी प्रथम महापौर के कार्यकाल में पारित दादा दादी पार्क से खुश है और वही लगेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे खुशी है कि कल रेड़मा ग्राम के भाइयों ने तथा परशुराम सेना के माननीय सदस्यों ने भरोसा दिलाया था कि रेड़मा क्षेत्र के विकास में किसी को बाधक बनने नहीं दिया जाएगा। विकास के मुद्दे में पूरा रेड़मा साथ है और रहेगा। मैं सभी भाइयों को दिल से धन्यवाद देती हूं जिनके चलते बच्चों के लिए बन रहे दादा दादी पार्क का सपना साकार होने जा रहा है। मैं माननीय को भी बोलना चाहूंगी शहर के विकास को अवरुद्ध ना करें आइए मिलकर शहर का विकास करें।

# एक दिवसीय बागवानी सखी प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय बागवानी सखी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेएसएलपीएस के प्रशिक्षकों द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को बागवानी सखी,जल जीवन मिशन सह स्वच्छता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में जल की महत्ता और उसकी बबार्दी रोकने पर भी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों के




साथ साझा की गयी। बागवानी लगाने और जल संचय हेतु पंचायत प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने पंचायत प्रतिनिधियों से बागवानी लगाने हेतु आम लोगों को जागरूक करने का आह्वाहन किया। शिविर में बीपीएम संतोष कुमार, एफटीसी राजेश्वर राम, रोजगार सेवक मनोज चौबे, पंचायत सचिव मुकेश राम, एलसीआरपी दुर्गेश राम, बीआरपी प्रभा देवी सहित सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को दोपहर में हुई तेज बारिश के बीच आसमानी बिजली ने भी कहर नीलांबर पीतांबरपुर सुदूरवर्ती क्षेत्र डबरा निवासी अयोध्या यादव की घर के पास खड़ी भैंस पर वज्रपात हो जाने के कारण भैंस की मौत हो गई। भैंस के अलावा किसी को भी जान माल की छती नहीं हुई। भैंस मरने से आर्थिक नुकसान हुआ है। परिवारक सदस्यों ने प्रशासन से इस संबंध में उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि नुकसान की भरपाई की जा सके।

## शीर्ष इनामी नक्सलियों के खिलाफ पीपरा पुलिस ने की नामजद प्राथमिकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के झरना पहाड़ के निकट पिपरा-छतरपुर रोड़ में सोमवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादीयों के द्वारा लगाए गए दो लैंडमाइंस बरामद होने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पिपरा थाना के एसआई पिनियस मुंडा द्वारा दर्ज कराई गयी। प्राथमिकी में शीर्ष नक्सली संजय यादव उर्फ गोदराम, नीतीश यादव, रमन जी तथा राजेंद्र जी को नामजद अभियुक्त के अलावे 6 अज्ञात माओवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

मालूम हो कि पुलिस द्वारा चलायें जा रहे सर्च अभियान में उक्त स्थान से केन बम तथा एक सिलेंडर बम बरामद किया गया था। जिसे बम निरोधक दस्ता ने पहुंच कर उक्त दोनों बम को डिफ्यूज कर दिया था। यह लैंडमाइंस का मिलना पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। प्रभारी थाना प्रभारी अभय आनंद ने बताया कि एसआइ पीनियत मुंडा के द्वारा इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पूरे मामले में छानबीन की जा रही है, और संभावित क्षेत्र में माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## झारखंड एनसीपी का समस्त संगठन शरद पवार के साथ : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महाराष्ट्र में रविवार को घटा घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्री कमलेश ने आगे कहा कि एनसीपी का मतलब शरद पवार हैं और शरद पवार का मतलब एनसीपी है। पार्टी में ऐसी मुश्किल घड़ी पहले भी आई हैं, लेकिन हर बार माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शरद पवार जी के कुशल नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होकर आगे बढ़ती रही है।



झारखंड प्रदेश की समस्त इकाई, हमारे नेता शरद पवार जी के साथ मजबूती से खड़ी है और आने वाले समय मे राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार जी के नेतृत्व में पार्टी सफलता का एक नया आयाम लिखेगी। जनता का भरोसा और आशीर्वाद हमेशा से ही शरद पवार जी के साथ है।

## सेवानिवृत कर्मचारी के निधन पर जन प्रतिनिधियों ने जताया शोक संवेदना

**हरिहरगंज/पलाम(आजाद सिपाही)।।** हरिहरगंज शहर के खाप कटैया मुहल्ला निवासी प्रखण्ड कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी रामविलास प्रसाद सिंह (90) का निधन हृदय गति रुकने से हो गया।मृतक का दाह संस्कार पास के



बटाने नदी श्मशान घाट पर किया गया। सिंह के निधन से हरिहरगंज में शोक की लहर दौड़ गई वे सरल स्वभाव के थे। हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता,निवर्तमान मुखिया उमेश साव,हरिहरगंज सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, जिला पार्षद मंजू देवी,राजद नेता कमलेश कुमार यादव सहित कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता आदरणीय श्री बाबूलाल मरांडी जी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर हुसैनाबाद भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि हमसबों को पूर्ण विश्वास है कि एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में वे पार्टी को एक नई ऊंचाई पर लेकर जायेंगे। इनके नेतृत्व में पार्टी की सांगठनिक मजबूती बढ़ेगी।बधाई देने वालों में वरिष्ट भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, बिनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, संतोष सिंह, अजय गुप्ता, उदय, श्रवण, अखिलेश मेहता, रंजीत, रामराज मेहता, छोटू सिंह, अमित कश्यप, बिट्टू कश्यप, राजेश कर्ण, सुबोध कश्यप, सुनील गुप्ता, प्रशांत सिंह, मनीष कश्यप, टिंकू तिवारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं का नाम शामिल है।

# माता बैष्णो दरबार 51 वर्षो तक संजय प्रजापति जातें रहें, यही शुभकामना है: शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर-पीतांबरपुर (पलामू)।** सावन के पावन माह में लेस्लीगंज के संजय प्रजापति पिछले 14 वर्षो से लगातार साइकिल से करीब ढाई हजार किलोमीटर की दूरी तय कर अमरनाथ व वैष्णो देवी जाते हैं। संजय प्रजापति वैष्णो देवी की 14 वीं वार साइकिल यात्रा पर मंगलवार की शाम रवाना हुए। काली मंदिर परिसर से भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने फूल माला पहनाकर व झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। मौके पर विधायक ने कहा कि मां वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालु तो कई हैं। पर संजय का जज्बा काबिले तारीफ है।



इतने दुर्गम मार्ग की यात्रा साइकिल से ही करते हैं। उन्होंने कहा कि संजय प्रजापति इकावन वर्षों तक माता की दरबार में पहुंचे यहीं हम सभी कामना करते हैं। ऊं सनातन धर्म सभा के केन्द्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा की संजय प्रजापति सनातन धर्म की ध्वज तेरह वर्ष साइकिल से दुर्गम मार्ग होते हुए बफार्नी बाबा के दरबार में एवं माता वैष्णो देवी के दरबार में हर वर्ष अपने हाजिरी को लगाते हैं। माता रानी इनकी इकावन दिवसीय यात्रा को सफल करें। तथा उन्होंने बताया कि ओम सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति नीलांबर पिताबंरपुर की ओर से यात्रा के लिए संजय प्रजापति को एक नई साइकिल प्रदान की गई है। संजय प्रजापति ने बताया कि यात्रा लेस्लीगंज से प्रारंभ होकर डाल्टनगंज, सासाराम के ताराचंडी, वाराणसी, इलाहाबाद, कानपुर, आगरा, मथुरा, नई दिल्ली, पानीपत, अंबाला, जालंधर, पठानकोट, कठुआ होते जम्मू कटरा तक जायेंगे। पूरी यात्रा में करीब एक महीने का समय लगेगा। कार्यक्रम का संचालन संत कुमार तिवारी ने किया। वही कार्यक्रम में सतीश तिवारी, लाला, बच्चन ठाकुर, चंदन, आंनद, वीरेंद्र मेहता, शशि, कमता, सनातन धर्म सभा केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, सचिव राजू राय, मुन्ना दुबे, सुदर्शन सोनी समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं भक्त उपस्थित थे।



















# सिंदरी में अतिक्रमणकारियों पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआइएल सिंदरी के अधिकृत भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पीपी एक्ट के तहत विधि सम्मत प्रक्रिया शुरू की गयी है। सर्वे में 1 हजार से ऊपर अनाधिकृत कब्जे के मामले पाये गये हैं। इनमें से चिन्हित 40 कब्जा धारियों को नोटिस की जा चुकी है। शुरूआत मयूर गेट से की गयी है जो रोहड़ाबांध होते हुये शहरपुरा की ओर बढ़ते जायेगी। यह जानकारी मंगलवार 4 जुलाई को एफसीआइएल के प्रशासनिक भवन परिसर में पीपी एक्ट कोर्ट का उद्घाटन करने के पश्चात कोर्ट के नियुक्त एस्टेट ऑफिसर (मजिस्ट्रेट) उमा दत्त सती ने दी है।



### जिला प्रशासन के सहयोग से हटाया जायेगा अतिक्रमण

सती ने कहा कि नोटिस किये जाने के बाद से अगले 15 दिनों तक लोगों को भूमि का दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने वालों पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। अतिक्रमण हटाने में जिला प्रशासन का सहयोग लिया जायेगा। पहली सुनवाई आगामी 18 जुलाई को होगी। यह भारत सरकार का निर्देश है। मौके पर एफसीआईएल के यूनिट प्रभारी विजय कुमार चौधरी, संपदा अधिकारी देवदास अधिकारी, एसके दत्ता, सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### गरीबों की रोजी रोटी और रहने पर आयेगी आफत

इधर इस खबर से मामले से संबंधित लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। कई तरह की चचाएं होने लगी है। कुछ जानकार बताते हैं कि इस कार्रवाई से गरीब तबके के लोगों की रोजी रोटी और रहने पर आफत आ जायेगी, वहीं अवैध दुकान व मकान निर्माण कर उसे भाड़े पर देने और उसके खरीद-फरोख्त करने वालों का धंधा चौपट हो जायेगा।

## निजी पेंशन सिस्टम में बदलाव के षड्यंत्र के खिलाफ सभा और प्रदर्शन




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन डीवीसी के निजी पेंशन सिस्टम को बदलने और डीवीसी अधिनियम 1948 में संशोधन कर डीवीसी को निजी कंपनियों के हाथों में देने के षड्यंत्र के खिलाफ डीवीसी ज्वायंट प्लेटफॉर्म ऑफ कर्मचारी आफ पेंशनर्स के मंगलवार को मिश्रित भवन मैथन के समक्ष प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया गया। सभा का अध्यक्षता जी राम ने किया। सभा के बाद परियोजना प्रमुख को डीवीसी के मेंबर सेक्रेटरी के नाम ज्ञापन दिया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी 7 जुलाई को डीवीसी के जन्मदिन के अवसर सभी प्रोजेक्ट से कर्मचारी और पेंशनर्स मैथन आकर एकदिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल करेंगे। इसके बाद भी मांगे नहीं मानी गयी तो कोलकाता मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। सभा में जी राम, मदन मेहता, निशीथ मुखर्जी, सौगत बनर्जी, राजू मुखर्जी, संतोष घोष, धर्म देव सिंह, के के त्रिपाठी, प्रशांत कविराज, नवेन्दू चक्रवर्ती, प्रदीप सिंह, भोला सिंह, सुधीर पांडेय, सुमन झा सहित कई कर्मचारी और पेंशनर्स उपस्थित थे।

## जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर कार्यशाला



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुये बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान 14 जुलाई से 14 अगस्त तक प्रारंभ होगी। इस विशेष अभियान में जन्म-मृत्यु का शत प्रतिशत निबंधन कराने, जनता की जागरूकता और जन्म-मृत्यु की महत्ता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। अभियान को सफल बनाने हेतु पंचायत जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी सेविका, प्रधानाध्यापक से अपील किया गया। कार्यशाला में एग्यारकुंड प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद कुमार दास, मुखिया मनोज रावत, मनोरमा देवी, तनवीर आलम मालकामेहर, निगारकंचन महतो, प्रमोद कुमार झा, कन्हैया सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, संतलाल बैठा, भीम पद रविदास, सुरेश प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक दल के नेता और झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री कुशल नेतृत्वकर्ता बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नवनियुक्त होने पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने बधाई देते हुए कहा की बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाई स्थापित करेगी व उनके अनुभव लाभ संगठन को मिलेगा व 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में लाभ मिलेगा। भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी ने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा कि इनके राजनीतिक अनुभव का लाभ निश्चित रूप से संगठन और हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलेगा इनके कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी ऐतिहासिक प्रदर्शन करेगी।

## महिला ने बैंक प्रबंधक पर लगाया कोर्ट के आदेश के अवहेलना का आरोप

**शाखा प्रबंधक ने कहा व्हाट्सएप पर आया कोर्ट आदेश कैसे मान लूं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** तालडांगा स्थित एसबीआइ बैंक के शाखा प्रबंधक सुमित सौरभ पर कोर्ट के आदेश के अवहेलना का आरोप लगा है। इस बाबत पीड़िता इंदु देवी द्वारा बताया गया कि कोर्ट के आदेश का अवहेलना करते हुए शाखा प्रबंधक ने हमारे पति रणविजय सिंह को पीएफ के पैसे का भुगतान कर दिया गया। जबकि उस पैसे की मैं भी हकदार थी। जबकि बैंक को कोर्ट ने मेरे पति रणविजय सिंह के खाते को फ्रीज करने का आदेश दिया था। इंदु ने बताया कि शुक्रवार को मैं न्यायालय का आदेश लेकर बैंक मैनेजर के पास गई। बैंक मैनेजर ने आदेश में अंकित खाता नंबर में 1 डिजिट कम होने की बात कह उसे सुधरवाने को कहा। इसके बाद मैंने बैंक मैनेजर को अपने अधिवक्ता से बात कराया मैनेजर ने आश्वस्त किया कि मैं इसे रोक कर रखूंगा। सोमवार को मेरे अधिवक्ता द्वारा कोर्ट के आदेश को सुधरवा कर शाखा प्रबंधक के व्हाट्सएप पर भेजा गया। पर सारी बातों की जानकारी होने के बावजूद शाखा प्रबंधक द्वारा पति रणविजय सिंह को पीएफ के राशि का भुगतान कर दिया गया। ऐसे में सवाल यह उठता है कि ऐसी क्या परिस्थिति बनी के सारी बात जानने के बावजूद शाखा प्रबंधक सुमित सौरभ ने पति रणविजय को खाते में जमा पीएफ राशि का भुगतान कर दिया। इंदु का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर अंकित खाता नंबर में 1 डिजिट कम था लेकिन मेरे पति का नाम तो सही था, इस पर शाखा प्रबंधक ने संज्ञान क्यों नहीं लिया। वही इस मामले में एसबीआई शाखा प्रबंधक सुमित सौरव ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि मैं व्हाट्सएप पर भेजा हुआ कोर्ट के आदेश को कैसे मान लूं। मेरे पास कोई ठोस आदेश नहीं थे कि मैं रणविजय सिंह के खाते को फ्रीज करता। अब इंदु देवी के द्वारा कोर्ट का आदेश मुझे प्राप्त हुआ है तो मैंने रणविजय सिंह के खाते को फ्रीज कर दिया है।

### महाजनसंपर्क अभियान को लेकर बैठक

## बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** मंगलवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए महाजनसपर्क अभियान के तहत संपर्क से समर्थन और संगठन द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर रागिनी सिंह में उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और उपलब्धि हासिल करेगा साथ ही पार्टी को पहले से ज्यादा मजबूती मिलेगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष उमेश यादव, मानस प्रसून, संजय झा भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी, राजकुमार अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, पूनम देवी, बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पांडे, लोदना मंडल अध्यक्ष राजाराम पासवान, भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत सिन्हा, झरिया नगर उपाध्यक्ष मनोज प्रसाद, राज किशोर जैना, अखिलेश सिंह, स्वरूप भट्टाचार्य सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांगामाटी में धूमधाम से हुआ गांव गाराम-मड़य पूजा

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार प्रखंड के रांगामाटी गांव में धूमधाम पूर्वक पंचवर्षीय गांव गाराम-मड़य पूजा किया गया। मड़य थान में स्थापित महामाय थान, चिड़ि गोसाईं व रांगाहाड़ि तथा कुछ दूरी पर स्थित गांव गाराम, जाहिर थान, बोड़ो पहाड़ और कपसा थान व राजा थान में पूजा-अर्चना गांव के नाया बंधु सिंह और सहयोगी भीम सिंह के द्वारा किया गया। सभी स्थानों में बकरा, भेड़ा व मुर्गे की बलि चढ़ायी गयी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने आराध्य देवा-भूता से गांव में उत्तम बारिश के साथ धान की उम्दा फसल पैदावार की कामना की। वहीं गांव में सुख-समृद्धि, अमन-चैन व बेहतर स्वास्थ्य की भी कामना की। मूल सवारी प्रभु महतो ने मायथान में बली दी गयी, काली हलुआनी का रक्तपान भी किया। इस दौरान नाया बंधु सिंह ने कहा कि पुरखों द्वारा स्थापित देवा-भूता गांव गाराम-मड़य थान, जाहेर थान, बोड़ो पहाड़ की पूजा-अर्चना प्रत्येक पांच वर्ष करने की परंपरा है, जिसे पूर्ण किया गया। सभी आदिवासी जनजातियों में प्रकृति की आराधना की जाती है।**

# परियोजना विस्तारीकरण के लिए जमीन का जायजा लेने कनकनी पहुंचे अधिकारी

**अगर प्रबंधन हमारी मांगों पर नहीं करेगा विचार तो करेंगे आंदोलन : इम्तियाज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** कनकनी कोलियरी प्रबंधन ने पैच डी के विस्तारीकरण के लिए मंगलवार को जीएम व पीओ सहित अन्य अधिकारियों ने कनकनी मैगजीन ग्राउंड के समीप खाली पड़ी जमीन का जायजा लिया। कहा कि इस खाली पड़ी जमीन पर ओबीआर डंप किया जायेगा। सेंद्रा के रैयतों के विरोध के कारण प्रबंधन के पास यहां पर ओबीआर डंप करने के सिवा कोई दुसरा विकल्प नहीं बचा है। इस जगह डंप करने से पहले प्रबंधन को एक रैयत कृष्णा निषाद को मुआवजा देना होगा तथा स्थानीय लोगों का विरोध का सामना करना पड़ेगा। जलेश्वर महतो समर्थक सह कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी एनआइटी नियमों के तहत काम करे, प्रबंधन रैयत को मुआवजा और स्थानीय युवाओं को कंपनी में रोजगार देना होगा। यदि प्रबंधन इन मांगों पर गौर नहीं करती है तो विरोध किया जायेगा। जीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को ध्यान में रखा जायेगा। दिन के करीब 11 बजे जीएम अनूप कुमार राय, एजीएम बलदेव महतो, पीओ अनिल कुमार सिंह, एरिया सर्वे ऑफिसर आशुतोष कुमार अभियंता गौरव कुमार तथा आउटसोर्सिंग कंपनी के आदित्य सिंह अंकित सिंह तथा सुनील सिंह पहुंचे। खाली स्थान पर ओबीआर गिराने के रास्ते और क्या क्या अड़चनें आयेगी इसका जायजा लिया। जीएम ने स्थानीय अधिकारियों को रास्ता को ठीक करने के लिए दिशानिर्देश दिया। अभियंता गौरव कुमार को उधर से गुजरा ओवर हेड तार को हटाने के लिए प्रपोजल तैयार कर क्षेत्रीय कार्यालय भेजने को कहा। जीएम ने बताया कि ओबीआर गिराने में रैयत कृष्ण निषाद का आवास आड़े आ रहा है। उन्होंने उसके छोटे भाई को समझाते हुए कहा कि तुम्हारा घर डेंजर जोन में है। लोयाबाद पानी टंकी की पास बीसीसीएल के क्वार्टर आपको उपलब्ध करा दिया जा रहा है वहां चले जायें। आपकी पांच डिसमिल जमीन के एवज में नौ लाख रुपये का भुगतान किया जायेगा। भुगतान की सारी प्रक्रिया पूरी कर कागजात कोयला भवन भेज दिया गया है। रैयत ने जीएम से कहा कि उसे मुआवजा और आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा तो वह यहां से चला जायेगा।

## झारखंड की खबरें

# संप्रेक्षण गृह के किशोरों के भविष्य निर्माण के लिए अब स्मार्ट क्लास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासेस हाजिर हैं। अब वैसे किशोर भी स्मार्ट क्लासेस और ऑन लाईन ज्ञान अर्जित करेंगे जो संप्रेक्षण गृह में रह रहे हैं। जिले में पिछले एक वर्षों से संप्रेक्षण गृह में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जहां वहां के सकारात्मक वातावरण के लिए चाइल्ड फ्रेंडली वॉल पेंटिंग और अच्छे विचारों का दीवार लेखन किया गया, वहीं शिक्षा के व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब जैसी सुविधा का प्रारंभ किया गया। योग मेडिटेशन को दिनचर्या बनाते हुए बच्चों के मानसिक विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। इसी सकारात्मक कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को संप्रेक्षण गृह में डिजिटल क्लास रूम की सुविधा का प्रारंभ किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का ऑनलाइन परिक्षण भी किया और डिजिटल क्लास के संचालन व्यवस्था को उपयुक्त पाया। उपायुक्त ने ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से संप्रेक्षण गृह के किशोरों से बात की एवं संप्रेक्षण गृह में एक नए दौर की शुरूआत की। किशोरों ने स्मार्ट क्लासरूम के लिए अपना उत्साह दिखाया और कुछ सीख कर जीवन में आगे बढ़ने का वचन दिया। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संप्रेक्षण के गुमला में स्मार्ट क्लासरूम के निर्माण के लिए उपलब्ध कराए गए आवंटन से आधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट क्लासरूम तैयार किया गया है।

# उपायुक्त लोगों की समस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में उपायुक्त सभाकक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।

इस दौरान भरदा ग्राम निवासी भुवनेश्वर साहू ने एनएच 23 में पलमा गुमला पथ चौड़ीकरण के दौरान उनके जमीन के लिए मुआवजा राशि न मिलने की उपायुक्त से शिकायत की।वहीं गुमला निवासी रवि उरांव ने अपने दिव्यांगता के बारे में बताते हुए ट्राय साइकिल की मांग की। जिसे उपायुक्त ने तुरंत उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारी को पत्र अग्रसारित किया।

घाघरा निवासी अंजु सिंह ने अपने आवेदन में प्रधान मंत्री आवास की मांग की। वहीं इस दौरान जमीन विवाद से संबंधित सबसे अधिक मामले देखने को मिले। गुमला निवासी संध्या नायक ने 10+2 बालिका विद्यालय में अपने एडमिशन हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। इस दौरान फसिया पंचायत के ग्रामीणों ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए उनके गांव के बिजली के पोल के खराब होने की समस्या से उपायुक्त को अवगत करवाया । गमहरिया निवासी कर्मी उरांव ने अपने पति के सड़क दुर्घटना से हुए मृत्यु के लिए मुआवजा राशि की मांग की। पालकोट निवासी बबलू नायक ने अपने दिव्यांगता के बारे में बताते हुए सरकार से सहायता की मांग की।

जनता दरबार में इस बार कुल 18 आवेदकों द्वारा उपायुक्त के समक्ष आवेदन समर्पित करते हुए सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया उन्होंने कुछ आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया, वहीं कुछ आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई भी की। जिन आवेदनों में पर सहायता कर पाना संभव नहीं था उसके लिए भी आवेदकों को सही मार्ग दर्शन किया।

इसके अलावे दूरदराज से समस्या लेकर आये ग्रामीण जनता के द्वारा मांगों जैसे राशन कार्ड, नौकरी, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, जमीन संबंधित विवाद, संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अविलंब अग्रतेर कार्रवाई करने हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

# शादी के 50वीं सालगिरह पर गौभक्त ने गौशाला को दिये 11 लाख

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** मंगलवार को कतरास-करकेन्द श्री गंगा गौशाला के निमार्णाधीन भवन को देखने कोलकाता निवासी बृजमोहन गाड़ोदिया अपनी पत्नी नीरा गाड़ोदिया के साथ गौशाला पहुचे। अपनी शादी की 50 वीं सालगिरह पर उन्होंने देखरेख के लिए 11 लाख का चेक श्री गंगा गौशाला को दिया। गाड़ोदीया दम्पत्ति ने गौ पूजन कर गौ माता को दलिया भोग खिलाया। मौके पर श्री गाडोदिया ने संबोधित करते हुये कहा कि दाह संस्कार में लकड़ी की जगह अगर गोएठे का उपयोग किया जाय तो पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा और लकड़ी की अपेक्षा गोएठे में कम खर्च लगेगा साथ ही गौशाला के आय का स्त्रोत भी होगा। आगे उन्होंने कहा कि अभी यहां दो सौ गए दूध देने वाली है जिससे 700 लीटर दूध निकालकर धनबाद, करकेनद, कतरास व बाघमारा के क्षेत्रों में खपत किया जाता है। खेती के लिए क्षेत्र में 80% बैल यहां से लोगो को उपलब्ध कराया जाता है। गौ तस्करों के चंगुल से छुड़ाए गए गौ वंश को भी हम लोग गौशाला में ही रखते है ज्यादातर हरा चारा देकर सभी पशुओं को जीवित रखा जा रहा है जिस कारण यहाँ का गौ वंश के दूध अमृत समान होते हैं। मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल, पशु चिकित्सक कृष्ण कन्हैया राय, कृषि मंत्री कमलेश सिंह, श्रवण खेतान, दीपक अग्रवाल, विजय सिन्हा, राजन खंडेलवाल आदि लोग मौजूद थे।

# ट्रक चालक ने बाइक सवार अधेड़ की ली जान

**कोल वाहन ट्रक की तेज रफ्तार ने तीन माह बच्ची सहित महिला गंभीर एक की मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**टंडवा।** प्रखंड के बड़गांव पंचायत के प्रदीप महतो अपने बेटी तथा तीन माह की बच्ची को चतरा से अपने घर टंडवा प्रखंड के बड़गांव पंचायत आने के क्रम में दुर्घटना ग्रस्त हो गया। यह घटना टंडवा की ओर से ट्रक आम्रपाली परियोजना जाने के उपरांत ग्राम उड़सू के आगे लकराही मोड़ के पास ट्रक वाहन गाड़ी नंबर JH 02AV-2051 ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया, जिससे हालत गंभीर हो गया। राहगीरों तथा टंडवा पुलिस के द्वारा तत्काल उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से टंडवा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां चिकित्सक द्वारा 45 वर्षीय प्रदीप महतो को मृत बताया गया। तथा मृतक प्रदीप महतो की 20 वर्षीय बेटी चांदनी देवी और इसकी तीन महा बच्ची की नाजुक स्थिति को देखते हुवे टंडवा चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। बताया गया की प्रदीप महतो अपने बेटी चांदनी देवी की तीन माह की बच्ची को चतरा से इलाज कर घर लौट रहा था। यह घटना मंगलवार को 12:30 बजे घटी है। मालूम हो कि इन दिनों कोल वाहनों की तेज रफ्तार की कहर इस प्रकार बेतहाशा देखनो को मिल रहा है। आए दिन घटनाओं की आंकड़ा बढ़ते हीं जा रहा है। इस मामले में पहल कोल वाहनों पर लगाम लगाने में अधिकारी विफल है। जिसे घटनाओं को देखते हुवे तेज रफ्तार कोल वाहनों पर लगाम लगाना अतिआवश्यक है।

# आर्टिकल 370 पर 11 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

## मुख्य न्यायाधीश की अगुआई में 5 जजों की बेंच गठित

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 11 जुलाई को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने को चैलेंज करने वाली याचिकाओं की सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की अगुआई में पांच जजों की बेंच इस मामले को सुनेगी। इस बेंच में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत होंगे। सुप्रीम कोर्ट ऐसी 20 से ज्यादा याचिकाओं की सुनवाई करेगा, जिन्होंने आर्टिकल 370 रद्द करने के केंद्र के फैसले को चुनौती दी थी।

### अब न्याय मिलने की उम्मीद : मुफ्ती

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कोर्ट के इस फैसले का मैं स्वागत किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को न्याय मिलेगा। आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह साफ हुआ था कि इसे सिर्फ जम्मू-कश्मीर की विधानसभा की सिफारिश पर ही रद्द किया जा सकता है।'

कुछ दिन पहले महबूबा मुफ्ती ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि वे आर्टिकल 370 को हटाए जाने के खिलाफ दाखिल की गई याचिकाओं की सुनवाई करे। उन्होंने कहा था कि पिछले दिनों से सुप्रीम कोर्ट में जो याचिकाएं पेंडिंग पड़ी हैं, उनकी तरफ हम उखक का ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे। इसके साथ ही जिन युवाओं को बिना ट्रायल के जम्मू-कश्मीर के अंदर और बाहर जेलों में बंद रखा गया है, उनकी हालत भी सुप्रीम कोर्ट को देखनी चाहिए।

### उम्मीद जगी है कि अधिकार वापस मिलेंगे : उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा- उम्मीद जगी है कि 5 अगस्त 2019 को हमसे छीने गए अधिकार वापस मिलेंगे। हम पहले दिन से कह रहे हैं कि जो कुछ भी हमसे छीना गया है, हमें कोई उम्मीद नहीं है कि मौजूदा सरकार उसे बहाल करेगी। हम कानूनी प्रक्रिया के जरिए अपना अधिकार वापस चाहते हैं, हमें उम्मीद है कि मामले पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सुनवाई होगी।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने फोन कर बाबूलाल मरांडी को बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनवार।** झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपाइयों में हर्ष है। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बाबूलाल मरांडी को फोन कर बधाई दी है। श्री सिंह ने हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव का पल है। बाबूलाल मरांडी के पास काफी लंबा अनुभव रहा है, जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा। आपके नेतृत्व में झारखंड प्रगति की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि कहा कि बाबूलाल के कार्यकाल में पार्टी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनायेगी। उनके नेतृत्व में झारखंड भाजपा का संगठन नयी ऊंचाइयों को छूएगा। भाजपा अध्यक्ष पद हेतु बाबूलाल मरांडी की नियुक्ति के लिए लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष को भी बधाई दी है।

# सम हॉस्पिटल के प्रोफेसर सूर्यप्रकाश इंटरनेशनल फेलोशिप से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट प्रोफेसर सूर्यप्रकाश शिवनारायण चौधरी को 16 से 18 जून तक बैंगलोर में आयोजित वर्ल्ड हेडेक एंड माइग्रेन रिसर्च सोसाइटी के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस सम्मेलन में देश-विदेश से भाग लेने वाले 500 से अधिक न्यूरोलॉजिस्ट में से 10 को यह सम्मान दिया गया। यह दुनिया की शीर्ष न्यूरोलॉजी रिसर्च सोसायटी का सर्वोच्च सम्मान है और प्रोफेसर चौधरी यह सम्मान पाने वाले ओडिशा के पहले व्यक्ति हैं। प्रोफेसर चौधरी पिछले 6 वर्षों से सम अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में विभिन्न प्रकार के सिरदर्द और माइग्रेन पर शोध कर रहे हैं और उपचार के नये तरीके सीखे हैं। इस शोध और परीक्षण में उन्हें दुनिया में दूसरा स्थान दिया गया है। प्रोफेसर चौधरी का मुख्य लक्ष्य है कि अन्य देशों की तरह ओड़िशा में भी विभिन्न प्रकार की न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का इलाज उन्नत तकनीक से कैसे किया जाये।

प्रोफेसर चौधरी ने कहा कि वे हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि मरीजों को इलाज के अभाव में राज्य या देश से बाहर न जाना पड़े और उन्हें हमारे राज्य में ही बेहतर गुणवत्ता वाला इलाज मिले।

इस सम्मेलन में देश-विदेश की कई प्रतिभाशाली हस्तियों ने भाग लिया। वर्ल्ड हर्ड आर्क सोसाइटी के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ जॉन राथरॉक, उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ जोशी बिलर, अध्यक्ष डॉ प्रवीण थॉमस और कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश राव प्रमुख ने सम्मेलन में भाग लिया और प्रोफेसर चौधरी को सम्मानित किया।

# महाप्रभु के नाम पर हुई ऑनलाइन ठगी वेबसाइट पर डॉलर में भुगतान का जिक्र



**भुवनेश्वर।** पुरी जगन्नाथ महाप्रभु के नाम पर एक और ऑनलाइन ठगी। हुई है। इस ऑनलाइन ठगी की जड़ें राज्य या देश में नहीं, बल्कि विदेशों तक फैली हुई हैं। श्रद्धालुओं से दक्षिणा डॉलर में लिया जा रहा है। श्रीजगन्नाथ मंदिर में सिद्ध पूजा, शालग्राम पूजा जैसी कुछ पूजा करने के लिए भक्तों के भावनाओं के साथ खेल खेला जा रहे हैं। 'शालग्राम शिला' नाम की वेबसाइट पर महाप्रभु के नाम पर ऐसी ऑनलाइन ठगी चल रही है। श्रीमंदिर में ब्राह्मण भोजन कराने के नाम पर भी छूट दी जाती है। हालांकि, इस तरह की ठगी की घटना सामने आने के बाद सिंहद्वार थाना में सेवादारों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

# भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड-भुवनेश्वर और कोरबा-विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस का थेरुबाली में होगा प्रायोगिक ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांगों को पूरा करने के लिए, थेरुबाली स्टेशन पर 20837/20838 भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड-भुवनेश्वर एक्सप्रेस और 18517/18518 कोरबा-विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस का अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । यह प्रायोगिक आधार पर 07.07.2023 से प्रभावी होगा। 20837 भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड एक्सप्रेस 06.08 बजे थेरुबाली स्टेशन पहुंचेगी और 06.10 बजे प्रस्थान करेगी । वापसी दिशा में 20838 जूनागढ़ रोड-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 20.00 बजे थेरुबाली स्टेशन पहुंचेगी और 20.02 बजे रवाना होगी। इसी तरह ट्रेनों की एक और जोड़ी 18517 कोरबा-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 02.25 बजे थेरुबाली स्टेशन पहुंचेगी और 02.27 बजे रवाना होगी । वापसी दिशा में 18518 विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस 00.35 बजे थेरुबाली स्टेशन पहुंचेगी और 00.37 बजे प्रस्थान करेगी ।

## टाटा स्टील मेरामंडली का वन महोत्सव सप्ताह

# मालीबिड़ो गांव में पौधरोपण किया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर नरेंद्रपुर।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) और ओडापड़ा प्रेस एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को ओडापड़ा ब्लॉक के मालीबिड़ो गांव में वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर गांव के मंदिर प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के 130 पौधे लगाये गये।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पेड़ों की आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और लोगों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए उत्साह पैदा करना था। इस कार्यक्रम में ओडापड़ा के पत्रकार संघ और मालीबिडो के 50 से अधिक ग्रामीणों ने मिल कर पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील मेरामंडली कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस के अधिकारी शामिल हुए थे। वन महोत्सव हर साल जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। इस वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

# अजित पवार ने आज बुलायी एनसीपी की मीटिंग, शरद पवार की बैठक भी आज होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद अब एनसीपी भी दो गुटों में बंट गयी है। पहला शरद पवार गुट और दूसरा अजित पवार ग्रुप। दोनों ने अपनी ताकत दिखाने के लिए कल यानी बुधवार को बैठक बुलायी है। 2 जुलाई को 8 विधायकों के साथ शपथ लेने के बाद अजित पवार और बाकी बागियों को शरद पवार ने एनसीपी से निकाल दिया था। इसके बाद अजित पवार ने अपनी नयी पार्टी बना ली।

अजित ने मंगलवार को मुंबई में मंत्रालय के सामने अपने नये पार्टी दफ्तर का ऐलान किया और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कैबिनेट मीटिंग में भी शामिल हुए। इसके बाद अजित पवार ने सभी एनसीपी सांसदों, विधायकों, विधानसभा परिषद के सदस्यों, पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं को मंगलवार को बांद्रा के एमइटी पहुंचने को कहा है।

शरद पवार ने भी मंगलवार को वाइबी चव्हाण सेंटर यानी एनसीपी दफ्तर में पार्टी की मीटिंग की। इसमें कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले मौजूद रहीं। बुधवार को भी यहीं मीटिंग होगी। एनसीपी के दोनों गुटों के अलावा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और कांग्रेस ने भी बैठकें बुलायीं।


### अजित के दफ्तर के उद्घाटन पर हुआ हंगामा

अजित पवार के नये पार्टी दफ्तर के उद्घाटन से पहले वहां हंगामा हुआ। अजित पवार समर्थकों ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने उन्हें दफ्तर की चाबी नहीं सौंपी थी। इसलिए गेट को धक्का मारकर खोला गया। हालांकि बाद में अजित वहां पहुंचे और पार्टी दफ्तर का उद्घाटन किया। इस बीच अजीत के ऑफिस में अपनी तस्वीर लगाये जाने के बाद शरद पवार का बयान आया कि जिन लोगों ने मेरी विचारधारा को धोखा दिया, उन्हें मेरी तस्वीर का इस्तेमाल करने का कोई अधिकार नहीं है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**